सतना
31 अक्टूबर 2024 गुरुवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित


विराट कोहली को...
@ पेज 7



# महालक्ष्मी योग में आज मनेगी दीवाली, भव्य तैयारी

## पूजा के 6 मुहूर्त, शाम को समृद्धि देने वाले बन रहे 4 राजयोग



**वाराणसी (एजेंसी)।** 31 अक्टूबर को अमावस्या शाम 4 बजे के बाद शुरू होगी और 1 नवंबर को शाम तक रहेगी। इस कारण देश में ज्यादातर जगह 31 अक्टूबर को दीपावली मनेगी। इस दिन कई ऐसे योग भी बन रहे हैं, जो लक्ष्मी पूजन से लेकर नए कामों की शुरुआत के लिए शुभ रहेंगे। पंडितों का मानना है कि दीपावली पर शाम को समृद्धि देने वाले 4 राजयोग बनेंगे। शश, कुलदीपक, शंख और लक्ष्मी योग बनने से इस महापर्व का शुभ फल और बढ़ जाएगा। देश के प्रमुख ज्योतिषियों और पंचांगकारों की आज सभा हुई थी। इसमें भारतीय पंचांग और धर्मशास्त्र के मानक ग्रंथों पर मंथन कर तय किया गया कि 31 अक्टूबर को ही दीपावली और लक्ष्मी पूजन शास्त्रसम्मत है। ज्योतिषाचार्यों में बताया है कि कि अमावस्या तिथि 31 अक्टूबर दोपहर 3.30 बजे से चार बजे के बीच हो रहा है। अमवास्या तिथि पर प्रदोष काल में ही लक्ष्मी पूजन किया जाता है। इसके साथ निशीथ काल यानी मध्य रात्रि में काली पूजन किया जाता है। ये सभी काम 31 अक्टूबर को करना ही शास्त्र सम्मत है। वहीं, 1 नवंबर को भी प्रदोष काल तक अमावस्या तिथि रहेगी, लेकिन सूर्यास्त के बाद जितने समय तक अमावस्या रहनी चाहिए, वह नहीं है। ऐसे में एक नवंबर को दीपावली मनाना शास्त्रसम्मत नहीं है। दीपावली की कार्तिक अमावस्या की रात साधनाएं जल्दी फलित करने वाली मानी जाती है। इसका कारण है कि इस रात दैवीय और आसुरी दोनों शक्तियां सजीव होती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दीपावली के पावन पर्व की मंगलमय शुभकामनाएं



दीपावली के पावन पर्व के शुभ अवसर पर गुरुवार, 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतःअखबार का अगला अंक 02 नवंबर 2024 को प्रकाशित होगा। सभी पाठकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

### नवाब मलिक से दोस्ताना, सना मलिक को भी टिकट

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र चुनाव में गठबंधन के बीच भी पैंतरेबाजी जमकर हुई। महायुति में सीटों को लेकर विवाद तो सामने नहीं आया, मगर बीजेपी की मनमर्जी को भी अजित पवार ने खत्म कर दिया। उन्होंने आखिरी क्षण में ऐसा दांव खेला कि बीजेपी की हालत न उगलने वाली और न ही निगलने



वाली हो गई। बीजेपी ने एनसीपी नेता नवाब मलिक की उम्मीदवारी का विरोध किया था। करीब महीने भर चले सीट बंटवारे के दौरान अजित पवार इस मुद्दे पर खामोश बने रहे, फिर नवाब मलिक की बेटी सना मलिक को टिकट दे दिया। मगर नामांकन के अंतिम दिन मानखुर्द शिवाजी नगर सीट से नवाब मलिक को उम्मीदवार बनाकर बीजेपी को मुश्किल में डाल दिया।

### ब्रिटेन से 102 टन सोना वापस लाया आरबीआई

● अभी भी करीब 324 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** धनतेरस पर, भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि उसने लंदन में बैंक ऑफ इंग्लैंड के वॉल्ट से 102 टन सोना देश के भीतर सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया है। विदेशी मुद्रा भंडार के प्रबंधन पर नई रिपोर्ट से पता चला है कि सितंबर के अंत में,



आरबीआई के पास मौजूद 855 टन सोने में से 510.5 टन देश में सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। सितंबर 2022 के बाद से, 214 टन सोना देश में लाया जा चुका है। सरकार दुनियाभर में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच सोने को सुरक्षित रखना चाहती है। सरकार में कई लोग मानते हैं कि घर में सोना रखना ज्यादा सेफ है। इससे पहले 31 मई को, एक रिपोर्ट में कहा गया था कि यूके से 100 टन सोना भारत लाया गया है।

# दीवाली से पहले एलएसी पर 'जश्न' का है माहौल

● भारत-चीन बॉर्डर पर सैनिकों के हटने का प्रोसेस पूरा ● आज दीवाली पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाएंगे सैनिक ● पेट्रोलिंग पर भी जल्द ग्राउंड कमांडर्स की होगी बातचीत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-चीन बॉर्डर पर डेपसांग और डेमचोक में दोनों सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया बुधवार को पूरी हो गई। गुरुवार को दीवाली पर चीन और भारत के सैनिक एक-दूसरे को मिठाई खिलाएंगे। पेट्रोलिंग को लेकर जल्द ही ग्राउंड कमांडर के अधिकारियों के बीच बातचीत होगी। ग्राउंड कमांडर में ब्रिगेडियर और उससे नीचे के रैंक के अधिकारी होते हैं। भारत-चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 27 अक्टूबर को कहा था कि सैनिकों की वापसी पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है। ये तनाव तभी कम होगा, जब भारत को यकीन हो जाए कि चीन भी ऐसा ही चाह रहा है। तनाव कम करने के बाद, बॉर्डर को कैसे मैनेज किया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी। भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में चार साल से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद पिछले दिनों एक समझौता हुआ है। दोनों सेनाएं विवादित पॉइंट्स देपसांग और डेमचोक से पीछे हटेंगी। 18 अक्टूबर को देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने की जानकारी सामने आई थी। इसमें बताया गया था कि यहां से दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौटेंगी। साथ ही उन्हीं क्षेत्रों में गश्त करेंगी, जहां पहले किया करती थीं।

### सलमान को फिर मिली जान से मारने की धमकी



**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को एक बार फिर से जान से मारने की धमकी मिली है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस बार धमकी देने वाले ने 2 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस को मिली इस धमकी में कहा गया है कि पैसे न देने पर अभिनेता की जान ले ली जाएगी। मैसेज मिलने के बाद वर्ली में मौजूद अधिकारियों ने मैसेज भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 25 अक्टूबर को भी मिली थी धमकी 5 दिन पहले भी सलमान को इसी तरीके से जान से मारने की धमकी दी गई थी। आरोपी को मंगलवार को मुंबई पुलिस ने नोएडा से गिरफ्तार किया। इसकी पहचान मोहम्मद तैयब (20) के रूप में हुई है। एसपी नोएडा प्रवीण कुमार सिंह ने बताया- आरोपी को सूरजपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहां से मुंबई पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर लेकर जाएगी।

# बारामती में शरद पवार ने खेल दिया इमोशनल कार्ड

● बोले-सुप्रिया सुले को कोई पद नहीं दिया, अजित को 4 बार डिप्टी सीएम बनाया


**पुणे (एजेंसी)।** एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने अपने पोते युगेंद्र के लिए मंगलवार को रैली आयोजित की। इस रैली उन्होंने अजित कहा, वह (अजित पवार) वही थे जिन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान अपने भाषणों में कहा था कि शरद पवार भावनात्मक कार्ड



पवार के भावनात्मक भाषण की नकल की। परिवार और सुप्रिया सुले का जिक्र करते हुए रुमाल से उन्होंने आंखें पोंछी और खेलेंगे और आंखों में आंसू भरकर मतदाताओं से अपील करेंगे। अब, आपने उनका (अजित का) भाषण (सोमवार को) देखा होगा। मैं कोई भावनात्मक अपील नहीं करूंगा, बल्कि तथ्यों के आधार पर बोलूंगा। एनसीपी (सपा) प्रमुख की यह टिप्पणी अजित पवार के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी मां आशाताई ने दूसरे गुट को बारामती में उम्मीदवार न उतारने की सलाह दी थी। सोमवार को नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने कहा था, मेरे खिलाफ उम्मीदवार उतारने का फैसला किसने लिया। कहा जाता है कि यह पवार साहब का फैसला था।

# 28 लाख दीयों से जगमग अयोध्या

**अयोध्या (एजेंसी)।** रामनगरी अयोध्या दीवाली से एक दिन पहले दीयों से जगमग हो गई। सरयू नदी के 55 घाटों पर 28 लाख दीये जलाए गए। इसके साथ ही नया रिकॉर्ड बन गया। पिछले साल 22 लाख दीये जलाए गए थे। सीएम योगी ने राम मंदिर में पहला दीप जलाकर दीपोत्सव का शुभारंभ किया। 1600 अर्चकों ने सरयू आरती की। इससे पहले, भगवान राम, सीता और लक्ष्मण के साथ पुष्पक विमान से पहुंचे। योगी ने उनका स्वागत किया। भगवान रथ पर सवार हुए। योगी ने राम रथ खींचा। प्रभु राम को रामकथा पार्क लाया गया। यहां योगी ने राम की आरती उतारी और राज तिलक किया। भगवान राम के स्वागत में जगह-जगह कलाकार नृत्य करते नजर आए। रामायण के प्रसंगों पर आधारित झांकियां सड़कों पर निकाली गईं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला दीपोत्सव है। सीएम योगी ने कहा- ये दीप जो आपके द्वारा जलाए जाएंगे, वो केवल दीप नहीं हैं, ये सनातन धर्म का विश्वास है। अयोध्यावासियों को आगे आना होगा। अयोध्या जैसी मथुरा-काशी दिखनी चाहिए। सनातन धर्म ने कभी किसी का अहित नहीं किया, सबको गले से लगाया। जो भी मानवता के मार्ग में बैरियर बनेगा, उसकी वही दुर्गति होनी है, जो यूपी के माफियाओं की हुई। वहीं, केंद्रीय मंत्री



गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा- 1528 में मीर बाकी ने भगवान राम के मंदिर को तोड़ा, तब से भारत के सौभाग्य का सूर्य अस्त हो गया। तब से लेकर हम निरंतर पतन के रास्ते पर चलते हुए उस मुकाम पर आ गए थे कि भारत की पहचान पूरे विश्व में भूली-बिसरी हो गई थी। राम मंदिर के निर्माण से भारत का सूर्य फिर उदय हो गया है।




# लेबनान में उलझा इजराइल अब खोलना पड़ा नया मोर्चा

## रिजर्व फोर्स भी पड़ गई कम और फंस गए पीएम नेतन्याहू

**बेरूत (एजेंसी)।** गाजा में इजरायल हमास के बीच संघर्ष शुरू एक साल से ज्यादा का समय बीत चुका है। इस दौरान इजरायल मिडिल ईस्ट में और भी कई मोर्चों पर जंग



लड़ रहा है। अब एक रिपोर्ट के जरिए इजराइल में सैनिकों की कमी होने की बात सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक सेना के रिजर्व सैनिक थक चुके हैं और लेबनान में नए आक्रमण से पहले इजरायल सैनिकों की भर्ती करने के लिए संघर्ष कर रहा है। सेना के मुताबिक 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद से लगभग 3,00,000 रिजर्व सैनिकों को बुलाया गया है। इनमें से 18 प्रतिशत 40 साल से अधिक आयु के पुरुष हैं, जिन्हें छूट दी जानी चाहिए थी। गौरतलब है कि इजरायल में पुरुषों और महिलाओं के लिए 18 साल की उम्र के बाद सैन्य सेवा देना अनिवार्य होता है हालांकि इसमें कई छूट लागू होती हैं। पिछले साल 27 अक्टूबर को गाजा में जमीनी हमला शुरू करने के बाद से इस जंग में अब तक 367 सैनिक मारे गए हैं। वहीं लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ जंग में 30 सितंबर से इजरायल के 37 सैनिक मारे जा चुके हैं।

### सीएजी को आयुष्मान में भारी गड़बड़ियां मिलीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि सीएजी को आयुष्मान भारत योजना में काफी गड़बड़ियां मिली हैं। दिल्ली सरकार की योजना के तहत दिल्ली के हर शख्स को मुफ्त इलाज मिलता है। पांच रुपए की गोली हो या करोड़ों का इलाज हो, यह पूरा मुफ्त रहता है। पीएम को दिल्ली की योजना देशभर में लागू करनी चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि अगर पीएम कहेंगे तो इसका लाभ उठाने वाले लाखों लोगों के नाम मैं उनको भेज दूंगा।





# चित्रकूट दीपावली मेले में श्रद्धालुओं का सैलाब

## दर्शन-पूजा सहित भंडारे में जुटे भक्तों का उत्साह चरम पर







**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट में दीपावली मेले का आगाज हो चुका है, और श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। हर ओर भक्तजन मंदिरों में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद ले रहे हैं। विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया है, जिसमें विशेष रूप से केशवगढ़ में संतों द्वारा तीन दिवसीय भंडारे की शुरुआत की गई है।

**हनुमान धारा में भक्तों की भीड़:** हनुमान धारा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। मान्यता है कि लंका दहन के बाद प्रभु हनुमान इसी स्थान पर अग्नि के ताप से शांति लेने आए थे। जलधारा के दर्शन करने के लिए यहां बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे हैं, जो पवित्र जल का आचमन कर अपनी श्रद्धा प्रकट कर रहे हैं।

**गुप्त गोदावरी में भी भक्तों की भीड़:** गुप्त गोदावरी में भी श्रद्धालुओं का जमावड़ा देखा जा रहा है। गुप्त गोदावरी की धार्मिक मान्यता है कि यहां गोदावरी नदी का प्रवाह होता है, जो गुफा के अंदर से होकर आगे बढ़ती है और फिर विलुप्त हो जाती है। लाखों की संख्या में भक्तजन यहां गोदावरी के जल का आचमन करने और दर्शन करने के लिए पहुंचे हैं।

**प्रशासन मुस्तैद, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद:** श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के तहत जगह-जगह पुलिस बल तैनात है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

**बुंदेलखंड के कलाकारों का सांस्कृतिक कार्यक्रम:** इस धार्मिक आयोजन में तीर्थ विकास परिषद द्वारा भव्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है, जिसमें बुंदेलखंड के लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। भक्तजन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद ले रहे हैं और श्रद्धालुओं के मन में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

दीपावली मेले के इस पावन अवसर पर चित्रकूट पूरी तरह से भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है।

# धनतेरस पर बाजार रहा गुलजार

## 12 करोड़ से अधिक का हुआ कारोबार, गाड़ियों की हुई खूब बिक्री




**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट में धनतेरस के मौके पर बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। लोगों ने जमकर बर्तन, गहने, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मोबाइल और मिठाइयां खरीदीं। व्यापारियों के मुताबिक, इस धनतेरस पर शहर में करीब 12 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार हुआ।

हालांकि, ऑनलाइन शॉपिंग और महीने के अंत में त्योहार पड़ने के चलते थोड़ा असर जरूर पड़ा। फिर भी बाजारों में भीड़ उमड़ी रही। बर्तन की दुकानों पर घरेलू सामानों की खरीदारी जोर-शोर से हुई। दुकानदार हरि गोविंद, प्रेम जैसवाल और राजेश गुप्ता ने बताया कि सुबह 11 बजे से खरीदारी का सिलसिला शुरू होकर देर रात 11 बजे तक चला।

श्याम मोटर्स एजेंसी के मालिक देवेश जैन ने बताया कि धनतेरस पर 100 गाड़ियां बिक चुकी हैं। दीपावली तक 300 से अधिक बाइकें बिकने की उम्मीद है। सर्राफा बाजार के व्यापारी रामविलास सोनी, राजू सोनी, हीरालाल सोनी, अतुल अग्रवाल और अर्पित अग्रवाल ने बताया कि इस बार नए डिजाइन के गहनों की खास डिमांड रही। इसके साथ ही चांदी के गणेश-लक्ष्मी की भी खूब बिक्री हुई।

## संघ प्रमुख मोहन भागवत आएंगे चित्रकूट

# दो दिवसीय प्रवास 5 नवंबर से, संघ पदाधिकारियों के वर्ग में होंगे शामिल



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ मोहन राव भागवत दो दिवसीय प्रवास पर चित्रकूट आएंगे। वे यहां संघ की बैठकों और वर्ग में शामिल होंगे। 7 नवंबर को भागवत जबलपुर जाएंगे।

जानकारी के मुताबिक, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघ चालक डॉ मोहन भागवत 5 नवंबर को चित्रकूट पहुंचेंगे। वे यहां दो दिन रहेंगे और 7 नवंबर को जबलपुर प्रस्थान करेंगे। संघ प्रमुख के चित्रकूट आगमन के मद्देनजर संघ पदाधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बैठकें आयोजित कर कार्यक्रम की व्यवस्था पर चर्चा की जा रही है और स्वयंसेवकों को दायित्व सौंपे जा रहे हैं।

संघ से जुड़े सूत्रों ने बताया कि सर संघ चालक चित्रकूट में आरोग्यधाम परिसर में ठहरेंगे। यहां जिला व प्रांत स्तरीय पदाधिकारियों के वर्ग को संबोधित करेंगे। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रमों व संघ की कार्य योजना से संबंधित बैठकें भी इसी दौरान होंगी। संघ प्रमुख उनमें भी शामिल होंगे। माना जा रहा है कि बैठकों में शामिल होने संघ के कुछ और शीर्ष पदाधिकारी भी चित्रकूट पहुंच सकते हैं।

बता दें कि चित्रकूट में संघ के कार्यक्रम, बैठकें और चिंतन शिविर पहले भी हो चुके हैं। चित्रकूट और सतना के समीपी राम वन में संघ के राष्ट्रीय चिंतन शिविर भी आयोजित किए जा चुके हैं।

# राज्यमंत्री बागरी ने दी प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएँ

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि दीपों का यह पर्व सभी के जीवन में नया उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आए। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और शुभ स्वास्थ्य की प्रार्थना की है।

# नरवाई में आग लगाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जिले में धान एवं गेहूं मुख्य फसल के रूप में ली जाती है। इन फसलों की कटाई मुख्य रूप से कम्बाइन हार्वेस्टर के माध्यम से की जाती है। कम्बाइन हार्वेस्टर से कटाई उपरांत फसल की नरवाई में आग लगाने की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। नरवाई में आग लगाने से भूमि की उर्वरा शक्ति में कमी होती है तथा पर्यावरण गंभीर रूप से प्रभावित होता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के द्वारा नरवाई में आग लगाने की घटनाओं की सेटेलाइट मैपिंग की जा रही है। धान फसल की कटाई का समय प्रारम्भ होने वाला है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मैहर रानी बाटड द्वारा नरवाई में आग लगाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखने, जन सामान्य के हित सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा पर्यावरण की हानि को रोकने एवं लोक व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत जिले की राजस्व सीमा में निम्नानुसार प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। जिसके अनुसार फसलों की कटाई में उपयोग किये जाने वाले कंबाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम के उपयोग को अनिवार्य किया जाता है। जिले में धान/गेहूं की नरवाई से कृषक भूसा प्राप्त करना चाहते हैं, तो उनकी मांग को देखते हुये स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम के स्थान पर स्ट्रा रीपर के उपयोग को अनिवार्य किया जा सकता है। अर्थात कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ एसएमएस अथवा स्ट्रा रीपर में से कोई भी एक मशीन साथ में रहना अनिवार्य रहेगा। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम/स्ट्रा रीपर अनिवार्य किया जाकर जिला परिवहन अधिकारी एवं सहायक कृषि अभियांत्रिकी जिला सतना निरंतर निगरानी रखेंगे, साथ ही बिना स्ट्रा रीपर के कम्बाइन हार्वेस्टर चलाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही करेंगे।

खेत में फसल अवशेष/नरवाई जलाने से मृदा के लाभदायक सूक्ष्म जीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाता है, जिससे मृदा सख्त एवं कठोर होकर बंजर हो जाती है एवं फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव देखा जा रहा है। अतः किसान बंधु फसल अवशेष/नरवाई न जलायें बल्कि इसका उपयोग आच्छादन/मल्चिंग एवं स्ट्रा रीपर से भूसा बनाकर पशुओं के भोजन या भूसे के विपणन से अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

पर्यावरण विभाग द्वारा जारी नोटीफिकेशन से नरवाई में आग लगाने की घटनाओं को प्रतिबंधित कर दण्ड अधिरोपित करने का प्रावधान किया गया है। नोटिफिकेशन से पर्यावरण सुरक्षा हेतु माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के निर्देश क्रम एक्ट 1981 के अंतर्गत प्रदेश में फसलों विशेषतः धान एवं गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाये जाने हेतु प्रतिबंधित किया गया है, जिसे तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में लागू किये जाने के निर्देश हैं। निर्देशों का उल्लंघन किये जाने पर व्यक्ति/निकाय को नोटीफिकेशन प्रावधानानुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि देय होगी। दो एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 2500 रूपये प्रति घटना देय होगी। दो एकड़ से अधिक किन्तु पांच एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 5000 रूपये प्रति घटना देय होगी। पांच एकड़ से अधिक भूमिधारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 15000 रूपये प्रति घटना देय होगी। आदेश में उल्लेखित शर्तों का जिले में परिपालन सुनिश्चित करने के लिये उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला सतना/मैहर नोडल अधिकारी होंगे। प्रश्नाधीन आदेश में उल्लेखित किसी भी शर्त का उल्लंघन होने की स्थिति निर्मित होने पर संबंधित कृषि विस्तार अधिकारी क्षेत्र के पटवारी के साथ संयुक्त जांच कर प्रतिवेदन संबंधित तहसीलदार को भेजेगें। जो अपचारी कृषकों को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान करते हुये अनुविभागीय दण्डाधिकारी के माध्यम से अंतिम निराकरण हेतु स्पष्ट अभिमत सहित अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करेंगे। यह आदेश मैहर जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा के अंतर्गत जन सामान्य के जानमाल की सुरक्षा तथा भविष्य में लोक शांति भंग होने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत दण्डनीय होगा।

# आज मनाई जाएगी दीपावली

## विद्वत परिषद की बैठक में बनी सहमति, बोले-लक्ष्मी पूजन विशेष फलदायी



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट विद्वत परिषद ने निर्णय लिया हैं कि दीपावली इस बार 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। यह निर्णय धार्मिक ग्रंथ "सिंधु" और "धर्म सिंधु" के आधार पर लिया गया है। परिषद के अध्यक्ष आचार्य विपिन विरार जी महाराज ने बताया कि धर्म शास्त्रों के अनुसार, लक्ष्मी पूजन के लिए 31 अक्टूबर का दिन शुभ माना गया है। इसे शास्त्र सम्मत रूप से मान्यता प्राप्त है।

**बैठक में शामिल विद्वान:** इस निर्णय की पुष्टि के लिए एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें मलूक पीठ, चित्रकूट के संत श्री संत शरण जी महाराज, डॉ पंकज पांडे (श्री राम संस्कृत महाविद्यालय, जानकी कुंड), हरिओम दुबे, योगेश शुक्ला (धर्म संघ संकट माध्यमिक विद्यालय सरैया), डॉ विजय कुमार पयासी, और जयदेव वैष्णव (संस्कृत महाविद्यालय, कर्वी) के विद्वान शामिल हुए।

**विशेष फलदायी पूजा:** आचार्य विरार जी महाराज ने बताया कि दीपावली का पर्व धार्मिक रूप से 31 अक्टूबर को मनाना उचित है, और इस दिन लक्ष्मी पूजन विशेष फलदायी रहेगा।

# एक नवंबर को मनाया जायेगा स्थापना दिवस

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का आयोजन 1 नवंबर 2024 को मनाया जायेगा। इस अवसर पर स्थापना दिवस का आयोजन स्थानीय पुलिस ग्राउण्ड में प्रातः 10.30 बजे से किया जायेगा। मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा राष्ट्रीय गान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। पुलिस परेड ग्राउंड में प्रातः 10.25 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, 10.30 बजे राष्ट्रीय ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान, 10.40 बजे मुख्यमंत्री का संदेश वाचन, 10.55 संकल्प, 11 बजे मध्यप्रदेश गीत, 11 बजे से 11.20 बजे तक स्थानीय स्तर पर चयनित कार्यक्रम एवं 11.30 बजे वंदे मातरम एवं कार्यक्रम का समापन होगा।

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने स्थापना दिवस के आयोजन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संजना जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला स्तर पर आयोजित होने वाले स्थापना दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में सभी कार्यालय प्रमुख और अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर सभी शासकीय भवनों में 31 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक रोशनी की जायेगी। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस जिला स्तर पर 1 नवम्बर से 3 नवम्बर तक मनाया जायेगा।

# 'हरि अनंत हरि कथा अनंता...'

## चित्रकूट अमावस्या मेले में मालिनी अवस्थी ने बांधा समा, दर्शक मंत्रमुग्ध



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट में भगवान श्रीराम की पावन तपोभूमि चित्रकूट में दीपावली अमावस्या मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया। चित्रकूट धाम मंडल बांदा के आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और उनकी धर्मपत्नी डॉ. तनुसा टीआर, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को गरिमा प्रदान की।

**मालिनी अवस्थी ने जमाया रंग:** मेले के दौरान 'लोकगीत की रानी' पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने अपनी सुरमयी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने "हरि अनंत हरि कथा अनंता" और "मंगल भवन मंगल हारी" जैसे भजनों से भक्तों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर रागिनी श्रीवास्तव और उनकी टीम द्वारा रामायण मंचन का आयोजन हुआ, साथ ही बुंदेलखंड के पारंपरिक लोक नृत्य ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया।

आयोजन के समापन पर मंडल आयुक्त, मेले में आए सभी जनप्रतिनिधियों, और विशेष रूप से पद्मश्री मालिनी अवस्थी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

# उप मुख्यमंत्री ने की वृद्धजनों से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य निरामयम'' योजना का लाभ उठाने की अपील



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने वृद्धजनों से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य निरामयम'' योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों ने देश के निर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता दी है। आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना में जोड़ी गई इस नवीन सुविधा के लिए उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा यह उपहार उन्हें दिया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हमारा नैतिक कर्तव्य भी है कि हमारे आसपास रहने वाले 70 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को इस योजना के तहत लाभान्वित करवाया जाए।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने विभागीय दायित्व के साथ इस योजना का लाभ प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक तक पहुँचाने का कार्य करें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में भोपाल जिले से इसकी शुरूआत की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि भोपाल जिले के 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने की शुरुआत करते हुए आयुष्मान कार्ड जारी किया गया है। डॉ. तिवारी ने आज भोपाल जिले का पहला आयुष्मान कार्ड श्री सैयद ताहिर अली को सौंपा। उन्होंने बताया कि भोपाल जिले में 150 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड बनाए जा चुके हैं। सीएमएचओ डॉ. तिवारी ने कहा कि लोगों तक इस योजना की जानकारी पहुंचाने एवं जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को भी जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में भोपाल के विख्यात एवं वरिष्ठतम चिकित्सक डॉ. एच.एच. त्रिवेदी का भी आयुष्मान कार्ड बनाया गया। पूर्व डीजीपी श्री राजीव टंडन ने भी घर के वरिष्ठजनों के आयुष्मान कार्ड बनवाए। सीएमएचओ ने दीपावली की पूर्व संध्या पर आनंद-धाम वृद्धाश्रम जाकर वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनवाकर स्वास्थ्य का सुरक्षा कवच भेंट किया। भारत सरकार द्वारा शुरू की गई इस सुविधा से शीघ्र ही जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को जोड़ा जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. तिवारी ने कहा है कि वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बीआईएस पोर्टल एवं आयुष्मान ऐप के माध्यम से बनाए जाएंगे। डॉ. तिवारी ने 70 वर्ष की आयु पूरी कर चुके वरिष्ठ नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपने आधार कार्ड को अपडेट करवा कर रखें एवं ई-केवाईसी भी करवा लें, जिससे उनके आयुष्मान कार्ड शीघ्र बन सकें।

आयुष्मान योजना के तहत मध्यप्रदेश में एक हजार से अधिक निजी एवं शासकीय अस्पतालों को इम्पेनल्ड किया जा चुका है। योजना से एक करोड़ 8 लाख पात्र परिवारों के 4 करोड़ 70 लाख नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं। हाल ही में मध्यप्रदेश में 4 करोड़ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है।

# राज्यमंत्री ने की दीपावली की खरीदारी

## वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए खरीदे मिट्टी के दीपक



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वोकल फॉर लोकल की पहल को बढ़ावा देने के लिए दीपावली के अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने गत दिवस स्थानीय दुकानों मे हाथ से बने देशी मिट्टी के दीये खरीद कर दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें दी।

उन्होंने स्थानीय व्यापारियों से संवाद करते हुए उन्हें इस पहल का महत्व समझाया और सभी से अपील की कि वे अपने आस-पास के स्थानीय स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें।

राज्यमंत्री बागरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर दीपावली के इस पावन अवसर मे हमें अपने आस-पास के स्वदेशी उत्पादों को खरीदने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे वोकल फॉर लोकल का समर्थन कर छोटे स्थानीय व्यापारियों से स्वदेशी समान खरीद कर उनकी अधिक से अधिक आर्थिक सहायता कर इस दीपावली को एक नया आयाम दें।

# सीएम मोहन यादव से मिली छतरपुर विधायक

## जिला अस्पताल में खाली पदों पर पदस्थापना जैसे कई विकास कार्यों के लिए सौंपे मांग पत्र



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर विधायक ललिता यादव ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर छतरपुर शहर के विभिन्न विकास कार्यों को गति देने के संबंध में अलग-अलग मांग पत्र सौंपे। इनमें निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में डीन की तैनाती, जिला अस्पताल में रिक्त पदों पर पदस्थापना करने, बच्चों के इलाज के लिए जिला अस्पताल में 100 बिस्तर की स्वीकृति देने, महोबा रोड पर नवीन बस स्टैंड के निर्माण के लिए राशि देने, बस स्टैंड में लंबित सराय (रेन बसेरा) का निर्माण का कार्य शुरू कराने, छतरपुर में नवीन स्टेडियम का निर्माण कराने और छतरपुर में सिटी वाकिंग पार्क बनाया जाना शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने छतरपुर के विकास के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिया है।

ललिता यादव ने मांग पत्र में कहा कि छतरपुर में छत्रसाल मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य में तेजी से कराने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दें और इसके साथ ही अगले सत्र से ही मेडिकल के छात्र-छात्राओं को इसका लाभ दिलाने के लिए डीन की पोस्टिंग कर प्रशासनिक कार्य शुरू कराने के लिए कर्मचारियों की पदस्थापना की जाए। इससे मेडिकल के बच्चों को लाभ मिल सकेगा और क्षेत्रवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

**जिला अस्पताल में खाली पदों पर पदस्थापना की जाए:** उन्होंने बताया कि छतरपुर जिला अस्पताल जिले की 6 विधानसभा क्षेत्रों की जनता के लिये स्वास्थ्य का एक बड़ा केन्द्र बिन्दु है। यहां प्रतिदिन 5 से 6 हजार मरीज इलाज हेतु आते है। वर्तमान में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खाली पड़े पदों के कारण मरीजों को बेहद परेशानी हो रही है।

विधायक ने बताया कि जिले में स्पेशलिस्ट के 80 पद स्वीकृत है जिसमें 55 खाली है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में 39 एवं जिला अस्पताल में 16 पद खाली है। ग्रामीण क्षेत्र के लिये मेडिकल आफीसर के 74 पद स्वीकृत है जिसमें 35 खाली पड़े है। इस तरह जिला अस्पताल में 30 पद सेंक्शन है उसमें 16 पद खाली पड़े है। स्टाफ नर्स के 280 पद सेंक्शन है इसमें 30 पद खाली है। एएनएम के 315 पद सेंक्शन होने के बावजूद 128 पद खाली है।

एमपीडब्ल्यू के 205 पद सेंक्शन है जिसमें 96 पद खाली है। लैब टेक्नीशियन के पद ग्रामीण क्षेत्र में 29 है जिसमें 13 पद खाली है, शहरी क्षेत्र में 12 होना चाहिए जिसमें 4 खाली है। क्षेत्र सहायक के 16 पद होना चाहिए जिसमें 4 पद खाली है। एक्सरे मैन के 17 पदों में से 7 खाली है। ड्रेसर के पद 46 है जबकि 21 खाली पड़े है। सुपरवाइजर 37 होना चाहिए जिसमें 12 पद खाली है। विधायक श्रीमती ललिता यादव ने खाली पदों पर पदस्थापना करने की मांग की है ताकि मरीजों को बेहतर इलाज मिल सकें।

**जिला अस्पताल में बच्चों के इलाज के लिए 100 बिस्तर की स्वीकृति दें:** विधायक ललिता यादव ने बताया कि जिला अस्पताल में डिलीवरी के लिए महिलाओं के 200 बिस्तर और पुरुषों व अन्य ट्रामा सेंटर सहित 300 बिस्तर की व्यवस्था है। बच्चों के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं है इसलिए 100 बिस्तर की स्वीकृति प्रदान होने से बच्चों के भर्ती व इलाज में होने वाली परेशानी को रोका जा सकता है। वर्तमान में छतरपुर जिला अस्पताल में पन्ना के साथ ही उत्तर प्रदेश के महोबा और हमीरपुर जिले से भी प्रतिदिन सैकड़ों मरीज आते हैं।

**नवीन बस स्टैंड के लिए दें राशि:** उन्होंने कहा कि छतरपुर में नगर पालिका द्वारा नवीन बस स्टैंड का निर्माण महोबा रोड पर किया जाना प्रस्तावित है और इसकी डीपीआर भी नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के पास भेजी जा चुकी है। विधायक ने मुख्यमंत्री से नवीन बस स्टैंड निर्माण के लिए प्रस्तावित 8 करोड़ की राशि प्रदान कर निर्माण प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश देने की मांग की।

**सराय का निर्माण कार्य शुरू कराए:** ललिता यादव ने सीएम डॉ यादव को बताया कि छतरपुर बस स्टैंड के समीप नगर पालिका द्वारा सराय के स्थान पर गरीब तबके के लिए एक नवीन रेन बसेरा व शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य किया जाना है। यह प्रस्तावित कार्य कई वर्षों से बंद पड़ा है। जिससे पूर्व से स्थापित दुकानदारों सहित बाहर से आने वाले छोटे व्यापारियों को रहने के लिए स्थान नही मिल पा रहा है। इसलिए रेन बसेरा व शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण का कार्य राशि प्रदान कर शुरू कराने में सहयोग प्रदान करें।

**नवीन स्टेडियम का कराएं निर्माण:** उन्होंने बताया कि छतरपुर शहर में एकमात्र पं. बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम है जिसमें वर्तमान में खिलाड़ियों के लिए आधुनिक सुविधाएं प्रदान की गई है। इस एकमात्र स्टेडियम में अब तक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सभाओं के साथ ही 15 अगस्त और 26 जनवरी के कार्यक्रम के अलावा रावण दहन व विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन होते थे। इस बार इन सब कार्यक्रमों का संचालन यहां न हो पाने से आम जनता में आक्रोश पनप रहा है। इसके लिए एक विशाल स्टेडियम का निर्माण होना अत्यंत आवश्यक है। विधायक ललिता यादव ने अनुरोध किया कि राशि आवंटित कर प्रशासन को एक नवीन विशाल स्टेडियम का निर्माण कराने के निर्देश दें।


**शहर में बनवाएं वाकिंग पार्क:** विधायक ललिता यादव ने बताया कि छतरपुर में हनुमान टौरिया से भैंसासुर मुक्तिधाम तक एक सिटी वाकिंग पार्क बनाया जाना वन विभाग द्वारा प्रस्तावित है। इसके लिए वन विभाग द्वारा ही फॉरेस्ट एरिया को वाकिंग स्ट्रीट के रूप में विकसित किया जाना है।

इसमें लोग सैर व योग करने जा सकेंगे। इसके अलावा यहां आर्मी एवं पुलिस भर्ती की तैयारी के लिए युवाओं को भी स्वच्छ हवा के साथ अच्छा वातावरण मिल सकेगा। इसके लिए डीपीआर भी वर्ष 2022 में वन विभाग द्वारा तैयार किया गया था। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से अनुरोध किया कि छतरपुर में सिटी वाकिंग पार्क बनवाने में सहयोग करें।

# ठेकेदार ने नगर पालिका में घुसकर कर्मचारी को पीटा

## फाइल आगे नहीं बढ़ाने पर हुआ विवाद, ठेकेदार नपाध्यक्ष का रिश्तेदार





**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर नगरपालिका अध्यक्ष के रिश्तेदार ने नपा में घुसकर अकाउंट सेक्शन के एक कर्मचारी के साथ मारपीट की। जिसका एक सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। घटना सोमवार शाम का बताया जा रहा है। नगर पालिका के ठेकेदार विकाश चौरसिया ने सोमवार की शाम लगभग 7 बजे अकाउंट चैंबर में घुसकर संतोष नामदेव को पीटा।

पीड़ित संतोष ने मामले को लेकर आरोप लगाया कि प्रभारी ष्स्म्‌ की ओर से मामले को रफा-दफा कर दबाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऑफिस में घुसकर मारपीट करने वाला आरोपी ठेकेदार विकाश चौरसिया नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया और उनके पति बीजेपी जिला महामंत्री सुरेंद्र पप्पू चौरसिया का रिश्तेदार है।

**फाईल निपटाने को लेकर मारपीट:** नगर पालिका के अकाउंट सेक्शन में कर्मचारी संतोष नामदेव के साथ ठेकेदार ने फाइल आगे नहीं बढ़ाने पर पिटाई की। ठेकेदार विकाश ने गाली-गलौज भी किया। पीटने के बाद ठेकेदार यह धमकी देकर चला गया कि अगर रिपोर्ट की तो बाद में देख लेगा। वहीं, अब मामले में समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है।

**नपा अध्यक्ष का रिश्तेदार है आरोपी:** जिस ठेकेदार ने मारपीट की वह नपाध्यक्ष का रिश्तेदार है। वह नपा के सारे ठेके और काम देखता है। अध्यक्ष का करीबी और रिश्तेदार होने से उसका नगर पालिका में काफी खौफ है। वहीं, इस घटना को भय और दहशत पैदा करने के उद्देश्य से अंजाम दिया गया है, ताकि भविष्य में अधिकारियों और कर्मचारियों में दहशत बनी रहे।

**कर्मचारी पर रिपोर्ट न करने का दबाव:** पीड़ित कर्मचारी संतोष नामदेव ने मामले की लिखित शिकायत सीएमओ से की थी। जिसके बाद संतोष पर दबाव बनाया गया कि पुलिस में रिपोर्ट करने पर उसे मूल पद (वाहन चालक) पर भेजकर कचड़ा गाड़ी में लगा दिया जाएगा। सीएमओ ने संतोष से कहा कि तुम्हारा मूल पद ड्राइवर का है, लेकिन तुम्हें अकाउंटेंट का पद दिया (कुर्सी पर बिठाया) गया है। अगर तुम कुछ कुछ भी बोले तो वापस तुम्हें मूल पद ट्रेक्टर (कचरा गाड़ी) का ड्राइवर बना दिया जाएगा।

**मामले को रफा-दफा करने का प्रयास:** कर्मचारी से ऑफिस में मारपीट किए जाने के बावजूद प्रभारी सीएमओ की ओर से पुलिस रिपोर्ट नहीं कराने से अकाउंट शाखा के सभी आठ कर्मचारी भड़क गए और उन्होंने काम बंद कर दिया। काम बंद हो जाने से प्रभारी सीएमओ ने किसी तरह समझौता करा कर मामले को रफा-दफा कर दिया। कर्मचारियों का कहना है कि यह पहला मामला है जब जिला मुख्यालय छतरपुर की नगर पालिका के किसी कर्मचारी के साथ चैंबर मे घुसकर मारपीट की गई।

**सीएमओ के पास पहुंचे तो अध्यक्ष के घर भेजा:** कर्मचारियों ने बताया कि वो एकजुट होकर नगरपालिका के प्रभारी सीएमओ दिनेश कुमार तिवारी के पास पहुंचे। जहां उन्होंने मामले की गंभीरता देखते हुए नागपालिका अध्यक्ष से बात कि तो उन्होंने अधिकारियों को अध्यक्ष के घर जाने को कहा। सभी कर्मचारी एक साथ अध्यक्ष के घर पहुंचे। वहां अध्यक्ष पति सुरेंद्र पप्पू चौरसिया ने मामले को सुना और मामले को शांत करने को कहा। साथ ही शिकायत रिपोर्ट नहीं करने की बात कही। जहां अब मामले के बाद सीएमओ और अध्यक्ष की कार्यप्रणाली सहित मामले की रिपोर्ट न कराने से कर्मचारियों में आक्रोश और नाराजगी व्याप्त है।

## कलेक्टर ने जिलेवासियों को दी दीपावली पर्व की शुभकामनाएं

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिले के नागरिकों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर ने कहा है कि दीपावली का पर्व जिलेवासियों के लिए सुख और समृद्धि का उपहार लेकर आए। इस दीपावली में मिट्टी से बने दीपकों का अधिक से अधिक उपयोग करें। इससे वोकल फॉर लोकल को बल मिलेगा।

कलेक्टर ने सुरक्षा का पूरी तरह से ध्यान रखते हुए दीपावली का पर्व मनाने की अपील की है। कलेक्टर ने कहा कि दीपावली हर्षोल्लास से मनाते हुए केवल ग्रीन पटाखों का ही उपयोग करें। अधिक आवाज वाले तथा हानिकारक पटाखों का उपयोग न करें। प्रत्येक आमजन सुरक्षा का पूरी तरह से ध्यान रखते हुए दीपावली का पर्व मनाएं।

# धीरे-धीरे कम हो रहा मिट्टी के दीयों का बाजार

## कुम्हार बोले- लोग इलेक्ट्रॉनिक लड़ियां खरीदने में मोलभाव नहीं करते, लेकिन दीये 1 रुपए में ही लेना चाहते हैं





**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** दीपावली पर दीयों का बड़ा महत्व है, लेकिन धीरे-धीरे अब मिट्टी के दीयों की जगह चाइनीज दीये लेते जा रहे हैं। इससे कुम्हारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कुम्हारों का कहना है कि लोग इलेक्ट्रॉनिक लड़ियां 100 से 500 रुपए तक बिना मोल भाव के खरीद लेते हैं, लेकिन मिट्टी के दीये में मोल भाव करते हैं। इससे आज की महंगाई में भी मिट्टी के दीये एक रुपए में बेचना पड़ रहे। बहुत से लोग तो यह काम छोड़कर अब दूसरी जगह मजदूरी कर रहे हैं।

फुटपाथ पर मिट्टी के दीये बेच रहे अशोक प्रजापति ने बताया कि मिट्टी के बर्तन बनाना हमारा परम्परागत काम है, जिससे हम अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं, लेकिन अब समय बदल गया है। लोग बहुत कम मिट्टी के बर्तन उपयोग करते हैं।

बड़े बाजार में मिट्टी के दीये बेच रही दादी ने बताया कि लोग तीज-त्योहार और शादी-विवाह पर ही मिट्टी के बर्तन खरीदते हैं। इसलिए मिट्टी के बर्तन से सालभर गृहस्थी नहीं चल पाती। घर चलाने के लिए हमें मजदूरी करनी पड़ती है। पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीयों का ही उपयोग करने का आग्रह किया है।

## बागेश्वरधाम समिति ने युवक के साथ नाबालिग लड़की को पकड़ा

### कट्टा दिखाकर धमकाने वाले दो दोस्तों को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों ने नाबालिग लड़की को एक युवक को संदिग्ध हालत में पकड़ा। घटना मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात 1:30 बजे की है। बाईपास रोड पर समिति के सदस्यों ने दोनों को देखा और रोक लिया। इसके बाद लड़के ने फोन करके अपने दो साथियों को बुला लिया, जो बाइक पर आए और कट्टा दिखाकर समिति के सदस्यों को धमकाने लगे। ग्राम रक्षा समिति ने सभी आरोपियों को पकड़कर बागेश्वर धाम चौकी पुलिस को सौंप दिया। जहां से पुलिस ने चारों लड़कों को बमीठा थाना भेजा। वहीं नाबालिग लड़की को उसके माता-पिता के साथ महिला थाना छतरपुर भेजा गया। महिला थाना पुलिस ने पूछताछ के बाद 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के बयान दर्ज किए और उसे छोड़ दिया।

**लड़की के माता-पिता ने शिकायत दर्ज नहीं कराई:** महिला थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री ने बताया कि लड़की के माता-पिता ने कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई। इसलिए बयान के आधार पर उसे छोड़ने का निर्णय लिया गया। बागेश्वर धाम चौकी प्रभारी देवेंद्र यादव ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

**आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज:** एसडीओपी खजुराहो सलिल शर्मा ने बताया कि लड़की के बयानों के आधार पर लड़की को छोड़ दिया गया था।

# ट्रक ने 3 लोगों को कुचला

## दो युवकों की मौके पर मौत, एक जिला अस्पताल में भर्ती



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर जिले के राजेंद्रग्राम में बुधवार सुबह करीब 8 बजे ट्रक ने तीन लोगों को कुचल दिया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घायल व्यक्ति को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

बताया गया कि तीन युवक बाइक से राजेंद्रग्राम बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। हादसा बसनिहा तिराहा के पास मोड़ पर हुआ है।

**मौके पर दो युवकों की मौत:** डंपर की चपेट में आने से दो पप्पू और करण की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं लोचन की कमर में गंभीर चोट आई। आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि डंपर में पत्थर लोड था और उसकी स्पीड तेज थी। जिस वजह से ट्रक चालक डंपर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं चालक और गाड़ी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रहा है।

# बैगा परिवारों के घर प्रशासन मनाएगा दीपावली

## जन मन आवास योजना के तहत आवास पूर्ण करने वाले हितग्राही होंगे शामिल



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** इस बार दिवाली का पर्व बैगा परिवारों के लिए खास होगा। जन मन आवास योजना के तहत जिन बैगा परिवारों ने अपना आवास समय में पूर्ण कर लिया है। उनके घर दिवाली का उत्सव मनाने जनप्रतिनिधि और प्रशासन के अधिकारी शामिल होंगे। इस संबंध में बुधवार को जिला पंचायत से जिले के पांचों जनपद में पत्राचार किया गया है। जिसके परिपालन में सोहागपुर, बुढ़ार, गोहपारू, जयसिंहनगर और ब्यौहारी के जनपद सीईओ ने अपने जनपद क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच पांच ग्राम पंचायतों का चयन कर लिया है।

**मिठाई देकर दिया से करेंगे घर रोशन:** जिला पंचायत शहडोल के एडिशनल सीईओ मुद्रिका सिंह ने बताया कि चयनित ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी किया गया है कि आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों के उत्साहवर्धन के लिए गुरुवार दोपहर 2 बजे कार्यक्रम उनके आवासों में आयोजित होगा। जिसमें सभी चयनित बैगा परिवारों के घर मीठा, दिया और फूल माला पंचायत की तरफ से दिया जाएगा।

**लक्ष्य पूरा करने में मिलेगी मदद:** पीएम जन मन योजना के तहत बैगा आवास समय में पूर्ण करने वाले हितग्राहियों के घर प्रशासन दीपोत्सव पर्व आयोजित करने से अन्य हितग्राहियों का भी उत्साह होगा। शासन के इस सकारात्मक पहल से अधूरे पड़े बैगा आवास के निर्माण में तेजी आएगी।

**जनप्रतिनिधि और अधिकारी होंगे शामिल:** एडिशनल सीईओ मुद्रिका सिंह ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायतों से अधिकारियों की तैनाती की गई है। वहीं क्षेत्रीय विधायक, संबंधित जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, संबंधित जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

**सोहागपुर जनपद की 5 पंचायत चयनित:** इस कार्यक्रम के लिए सोहागपुर जनपद की पांच पंचायतों का चयन कर लिया गया है। इनमें बंधबाबड़ा में विधायक, पटासी में जनपद अध्यक्ष सोहागपुर, हर्राटोला में सदस्य जिला पंचायत, मैकी में उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सोहागपुर और छिरहटी में सदस्य जनपद पंचायत सोहागपुर शामिल होंगी।

## दो दिन से बंद बीएसएनएल का नेटवर्क

### बैंकों से नहीं निकल रही राशि, दिवाली से पहले लोग परेशान




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी में बुधवार सुबह से ही बीएसएनल का नेटवर्क पूरी तरह से बंद हो गया है। जिसकी वजह से यूनियन बैंक का सर्वर भी बंद हो गया है। बैंक प्रबंधन से जब लोगों ने बात की, तब उन्होंने कहा कि नेटवर्क न होने की वजह से हमारा सर्वर पूरी तरह से बंद हो गया है और पैसे नहीं निकाले जा रहे हैं।

उपभोक्ता समर बहादुर सिंह ने बताया है कि मैं चाचीढोल का रहने वाला हूं। बैंक से पैसा निकालने के लिए आया था लेकिन यहां सर्वर बंद है। कल दीपावली का त्योहार है इसकी वजह से हम दीपावली नहीं मना पाएंगे। यह केवल हमारी ही समस्या नहीं है, हमारे साथ कई लोग ऐसे हैं जो अलग-अलग गांव से आए हैं। हालांकि सभी का पैसा नहीं निकल रहा है। सुबह से शाम हो गई लेकिन अभी तक नेटवर्क की समस्या वैसी ही बनी हुई है।

सहायक बैंक प्रबंधक करण ने जानकारी देते हुए बताया है कि बैंक का सर्वर चालू नहीं है क्योंकि यहां नेटवर्क की समस्या है। बीएसएनल का नेटवर्क यहां खराब है, जिसकी वजह से लोगों को पैसे निकालने में दिक्कत हो रही है।

## अंधेरे में मनेगी बैगा आदिवासियों की दिवाली

### 15 ट्रांसफॉर्मर जलने से 6 माह से अंधेरे में डूबे हैं 7 से ज्यादा गांव



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के कुसमी क्षेत्र में रहने वाले हजारों बैगा आदिवासियों की दिवाली इस बार अंधेरे में मनने वाली है। दरअसल, करीब छह महीने से सात गांवों के 15 ट्रांसफर जले पड़े हैं, लेकिन बिजली कंपनी उन्हें सुधारने की सुध नहीं ले रही।

ग्रामीण सत्यभान ने बताया कि कोड़ार, मनवारी, गांजर, ताला सहित अन्य गांवों में 6 महीने से बिजली नहीं है। रात में सांप, बिच्छू के डर से लोगों ने बाहर निकलना बंद कर दिया है। मोबाइल चार्ज नहीं हो पाने से संपर्क भी कट गया है। ट्रांसफॉर्मर सुधरवाने के लिए कई बार शिकायत की, लेकिन अधिकारियों ने अनसुना कर दिया।

**जले हुए ट्रांसफॉर्मर को सुधरवाया जा रहा है:** वहीं ज़ेई राजेंद्र राजपूत ने बताया कि कुसमी डीसी के अंतर्गत 15 ट्रांसफॉर्मर जले हुए हैं, जिन्हें बदलवाने का काम कर रहे हैं। जिन ट्रांसफॉर्मर के उपभोक्ताओं ने पैसे जमा कर दिए हैं, उनके लिए हम व्यवस्था कर रहे हैं। गौरतलब है कि यह क्षेत्र बैगा प्रोजेक्ट के अंतर्गत आता है। पीएम जन-मन योजना के तहत यहां घरों को बिजली कनेक्शन दिए जाते हैं।

# नगर निगम आयुक्त ने सफाई मित्रों के साथ मनाई दिवाली

## मिठाई बांटकर कर दी दीपावली के त्योहार की शुभकानाएं



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** नगर पालिका निगम सिंगरौली के आयुक्त डी.के शर्मा ने आज निगम के सभी जोन मोरवा, नवजीवन विहार, ग्रामीण और बैढ़न जो संलग्न सफाई मित्रों के बीच पहुंचकर उनके साथ त्योहार मनाया। साथ ही निगमायुक्त की ओर से सफाई मित्रों को मिष्ठान के पैकेट, दिया और बाती बांटकर कर सफाई मित्रों को दीपावली की शुभकामनाएं की।

डी.के शर्मा ने सफाई मित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सफाईकर्मी नींव के पत्थर होते हैं। किसी भी नगर को सुंदर बनाने का सर्वाधिक श्रेय स्वच्छता के वाहक सफाई मित्रों को ही जाता है। आप सब के अभिवन प्रयासों का ही परिणाम है कि हमारा नगर साफ और सुंदर दिखता है। आज हम सब रोशनी के पर्व दीपावली पर एक साथ संकल्प ले कि आगे भी अपने नगर को स्वच्छ-सुंदर बनाने के लिए साल भर पूरी कर्तव्य निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

इस अवसर पर नगर निगम के उपायुक्त आरपी बैस, स्वक्षता निरीक्षक संतोष तिवारी, राजीव सिंह, रामदरश पाण्डे, कैलाश शाह सफाई दरोगा लखमीचंद, छोटू, रामशरण, अशोक त्रिपाठी, राजू, कमलेश भंडारी, दिनेश, रामप्रकाश आईसी मैनेजर आशीष शुक्ला, रोहित चौरसिया समेत सभी सफाई मित्र मौजूद रहे।

## विद्युत समस्याओं को लेकर शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन, ग्रामींणो के घर आज तक नही हुए रोशन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** शिवसेना इकाई ने धौहनी विधान सभा के कुसमी ब्लाक में मौजूद ग्राम पंचायत हांडा भदौरा भैंसवाही के भ्रष्टाचार व आज तक इन ग्रामीणों को विद्युत सेवा का लाभ न मिलने के चलते कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन।

शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित ग्रामीणजन छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश की बॉर्डर से लगे हुए ग्राम पंचायत भैंसवाही से हैं जो कि सीधी मुख्यालय से करीब 200 किलोमीटर की दूरी से अपनी पीड़ा को लेकर आए थे। बताया गया कि शासन की योजनाओं से कोसों दूर आज भी ये ग्रामीण जन गुलाम भारत जैसा जीवन बिता रहे हैं। ये ग्रामीण आज भी विद्युत विहीन जीवन जी रहे हैं। ये मुलतः बैगा समाज की आदिवासी के रूप में जाने ताजे हैं। शासन की विकास की सारी नीतियॉ यहॉ पहुॅचने से पहले दम तोड़ती नजर आती हैं। श्री पांडेय ने कहा कि बड़े ही दुर्भाग्य का विषय है कि एक तरफ इन आदिवासी परिवारों के लिए शासन द्वारा तरह.तरह की योजनाएं बनी हुई हैं वहीं सत्ता में बैठे नेताओं के द्वारा इन मुद्दो पर अपनी ऑखे बंद किये हुए हैं। वहीं जिला प्रशासन के प्रतिनिधि दिखावटी कागजी कार्यवाही करते हुए वजट को स्वाहा कर देते हैं।

# विचार

## विभाजन करके सत्ता हासिल

इस ऐतिहासिक सचाई का भी ध्यान रखने की जरुरत है कि जब भी भारत का समाज और नागरिक बंटते हैं तो देश का नुकसान होता है और बाहरी लोग फायदा उठाते हैं। भारत की भौगोलिक सीमा का सिकुड़ते जाना इसका एक उदाहरण है। एक समय भारत की सीमा का विस्तार पश्चिम में फारस यानी आज के ईरान और दक्षिण पूर्व में मलय द्वीप यानी आज के मालदीव से लेकर जावा, सुमात्रा, कंबोडिया और इंडोनेशिया तक था। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पांच अक्टूबर को महाराष्ट्र के ठाणे में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे, जहां उन्होंने देश के नागरिकों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा था कि अगर हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे। माननीय प्रधानमंत्री के इस बयान की अलग अलग तरीके से और अलग संदर्भों में व्याख्यायित किया जा रहा है। लेकिन इसको समग्रता से देखने का प्रयास नहीं हो रहा है या ऐसे भी कह सकते हैं कि जान बूझकर इसके सबसे महत्वपूर्ण पक्ष को आम नागरिकों की नजरों से ओझल कर दिया जा रहा है। इसे ऐसा प्रदर्शित किया जा रहा है, जैसे यह सांप्रदायिक बात हो और यह किसी संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए समाज को विभाजित करने के उद्देश्य से दिया गया बयान हो। ऐसी ही व्याख्या उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाले बयान की भी की जा रही है। असल में माननीय प्रधानमंत्री ने देश के नागरिकों को ऐसे लोगों से सावधान रहने को कहा था, जो धर्म और जाति के आधार पर समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोगों से आगाह किया था, जो समाज को बांट कर देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोगो से सचेत किया था, जो देश विरोधी ताकतों के हाथों की कठपुतली बन गए हैं और देश की एकता व अखंडता के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। अगर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के बयान को ही समग्रता से देखा जाए तो उनका आशय स्पष्ट हो जाता है। उन्होंने पांच अक्टूबर को ठाणे के कार्यक्रम में कहा था- कांग्रेस जानती है कि उनका वोट बैंक तो एक रहेगा, लेकिन बाकी लोग आसानी से बंट जाएंगे। आसानी से टुकड़े हो जाएंगे। इसलिए कांग्रेस और उसके साथियों का एक ही मिशन है, समाज को बांटो, लोगों को बांटो और सत्ता पर कब्जा करो। इसलिए हमें अतीत से सबक लेना है। हमें एकता को ही देश की ढाल बनाना है और हमें याद रखना है कि अगर हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे। हमें कांग्रेस और अघाड़ी वालों के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देना है। आज कांग्रेस का असली रंग खुल कर सामने आ गया है। कांग्रेस को अब अर्बन नक्सल का गैंग चला रहा है।

# त्रेता की पहली दीपावली जैसी अयोध्या का दीपपर्व

**उमेश चतुर्वेदी**

**त्रेता युग में लंका विजय के बाद अपने राम को देख अयोध्या निहाल हो गई थी। चौदह वर्ष के वनवास के बाद सरयू के तीर पर अपने राम के स्वागत में अयोध्या ने खुद को प्रकाशमान करने की जो परंपरा डाली, आज पूरी दुनिया उसे दीपावली के नाम से जानती है। अयोध्या की इस बार की दीपावली त्रेता युग की पहली दीपावली जैसी ही है। अयोध्या के पावन मंदिर में रामलला की स्थापना के बाद दीपों का पहला त्योहार आया है। राम की वापसी के बाद अयोध्या इस बार त्रेता युग की ही तरह निहाल होने जा रही है। सरयू के तीर पर स्थित पचपन घाटों पर 28 लाख से ज्यादा दीपों के जरिए अयोध्या अपने राम का स्वागत करने जा रही है।**



उत्तर प्रदेश सरकार का दावा है कि यह दीपोत्सव दुनिया में नया कीर्तिमान बनाने जा रहा है। उत्तर प्रदेश में जब से योगी सरकार आई है, तब से हर दीपावली को अयोध्या के घाट दीपों से सजाए जा रहे हैं। इस लिहाज से देखें तो यह योगी सरकार के दीपोत्सव का आठवां संस्करण है। जिसके प्रबंधन का दायित्व बाकायदा अयोध्या के ही डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रतिभा गोयल को दिया गया है। जो 30 हजार वालंटियर्स के सहयोग से 28 लाख से अधिक दीयों को प्रज्ज्वलित करने की तैयारी में हैं। दीपोत्सव के रिकॉर्ड को जांचने के लिए अयोध्या में मंगलवार यानी 29 अक्टूबर को ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम के कंसल्टेंट निश्चल बरोट अपने 30 सहयोगियों के साथ पहुंच गए।

दीपों के जलाते वक्त तेल बाहर ना गिरे, इसका सावधानी पूर्वक ध्यान रखने के लिए वालंटियरों को कहा गया है। 30 अक्टूबर के दिन दीपोत्सव के दीयों में तेल डालने के लिए एक-एक लीटर के सरसों तेल की बोतलें दी जा रही हैं। हर दीप में सावधानीपूर्वक तेल डालने के लिए विशेष तौर पर दिशा-निर्देश दिए गए हैं। घाट पर तेल न गिरे, इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा। त्रेता युग में राम के स्वागत में पूरी अयोध्या दीपों से जगमगा उठी थी। इसके बाद से ही हर साल कार्तिक महीने की अमावस्या को पूरा सनातन समाज, उसके घर, उसकी झोपड़ियां, उसके ठीये, उसके पशुओं की नाद, उसके कुएं के चबूतरे, तुलसी के चबूतरे, मंदिरों के दरवाजे राम के स्वागत में दीपों से सजाता रहा है। सनातन समाज की हर गली, हर हर रास्ता, हर अंधियारा कोना इस दिन प्रकाश की रेखाओं से जैसे खिल उठता है। इस परंपरा में समूची अयोध्या भी इस दीपावली को इसी अंदाज में सजेगी, लेकिन योगी सरकार की डाली परंपरा के अनुसार सरयू के 55 घाट अलग ही अंदाज में नजर आएंगे। चूंकि अयोध्या के मंदिर में रामलला की स्थापना के बाद की यह पहली दीपावली है, इसलिए सरयू के घाट इस बार 28 लाख दीयों के साथ अलग ढंग से सज रहे है, जिनसे उठी रोशनियों की लंबी लकीरें सरयू की लहरों में अप्रतिम दृश्य वितान रचने जा रही हैं।

दीपोत्सव की भव्यता विश्व पटल पर दिखे, इसके लिए सरयू नदी के दसवें नंबर के घाट पर 80 हजार दीयों के जरिए स्वास्तिक बनाया गया है। इसके जरिए दीपोत्सव की टीम पूरी दुनिया को रौशनी युक्त शुभ्रता का संदेश देने की कोशिश कर रही है। माना जा रहा है कि दीपोत्सव में यह दृश्य अद्भुत आकर्षण का केन्द्र होगा। अयोध्या के घाटों पर दीयों को सजाने और उन्हें रोशनी से जगमगाने की जिम्मेदारी 30 हजार वालंटियर को दी गयी है। घाटों को र 16 गुणा 16 दीए का ब्लाक से सजाया जा रहा है। जिनमें 256 दीए सजाये जा रहे हैं। इनमें एक वालंटियर को 85 से 90 दीए प्रज्ज्वलित करने का लक्ष्य निर्धारित है। । दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 संत शरण मिश्र के मुताबिक, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशन में अयोध्या का जिला प्रशासन दीपोत्सव के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को यह अप्रतिम दृश्य रचने के लिए हर संभव सहयोग दे रहा है। राम नगरी के 55 घाटों पर दीयों की सुरक्षा पुलिस प्रशासन व विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मियों द्वारा की जा रही है। घाटों पर सुरक्षा सख्त कर दी गई है। बिना आई कार्ड के प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है।

यह सच है कि रोशनी के महत्व को हम तभी समझ पाते हैं, जब हमारे सामने गहन अंधकारा होता है। बेशक अपना देश वैश्विक युद्ध से बचा हुआ है। लेकिन इजरायल-फिलीस्तीन के साथ ही रूस-यूक्रेन युद्ध के आंच की ताप में दुनिया झुलस रही है। इसकी किंचित आंच भारत और भारतीयों तक भी पहुंच रही है। त्रेता युग में राम ने रावण वध और लंका विजय के जरिए संदेश दिया था कि शांति ही दुनिया और मानव जीवन की प्रगति का आधार है। रामलला के अपने पावन घर में आ विराजने के बाद की पहली दीपावली सिर्फ दीयों की संख्या के आधार पर ही रिकॉर्ड नहीं बनाने जा रही, बल्कि वह दुनिया को एक संदेश भी देने जा रही है। संदेश यह कि रोशनियों के सामने अंधेरे को हारना ही होता है। अयोध्या की यह दीपावली दुनिया को यह भी संदेश दे रही है कि युद्ध के अंधेरे से उसे निकलना ही होगा और मानव जीवन की प्रगति के लिए रोशनियों की लहरों पर ही सवार होना होगा।

## अमेरिकी चुनाव सचमुच धड़कन बढ़ाने वाला

यों कोई भी देश हार्ट अटैक से नहीं मरा करता। सभ्यता-संस्कृति अचानक मुर्दा नहीं बनती। सभ्यता-संस्कृति की मौत की वजह हमेशा असुरी-बर्बर सेनाएं हैं। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप, हिटलर पैदा हो जाएं तो वह राष्ट्र विशेष बरबाद जरूर होगा पर मरेगा नहीं। बावजूद इसके अमेरिका में जरासंध यदि राष्ट्रपति हुआ तो उसका विभाजित और खोखला होना तय है। पुतिन, शी जिनफिंग, किम जोंग उन, तालिबानी आदि उन सभी असुरी शैतानों की पौ बारह होगी जो अवसर की प्रतिक्षा में हैं।

याद रखें ट्रंप ने ही तालिबानियों को न्योत कर उनसे करार किया था। क्या परिणाम निकला? तालिबानी पूरे अहंकार से अफगानिस्तान में काबिज हैं। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप उस सनक, उस अहमन्यता का प्रतीक हैं, जिसके 'मैं' में अमेरिका कैद होगा। उनको इस चुनाव में ईसाई कैथोलिक, कट्टरपंथी गोरों के धुव्रीकरण से शक्ति प्राप्त है। इसकी धुरी में यह विचार है कि कुछ भी हो जाए एक अश्वेत, महिला तथा मूल दक्षिण एशियाई चेहरे (सभ्यता-संस्कृति में बाहरी) को अमेरिका का राष्ट्रपति नहीं बनने देना है!

तभी पिछले डेढ़ महीने में अमेरिका में वह होता हुआ है, जिसकी कल्पना नहीं थी। मैंने आम धारणा के विपरीत 2020 में डोनाल्ड ट्रंप बनाम बाइडेन के मुकाबले में बाइडेन के जीतने की संभावना मानी थी। तब लिखते हुए मेरा तर्क था कि अमेरिका में स्वतंत्रता-बुद्धि का विवेक चुनाव में लौटा है। खतरे की चिंता में उन्हें हराने का भभका एक शक्ल पा गया है। वैसा इस बार भी, कमला हैरिस की उम्मीदवारी घोषित होने के बाद था। और मेरा अब भी मानना है कि आम जनता के वोटों, पोपुलर वोट में कमला हैरिस की हवा होगी लेकिन वे इलेक्टोरल वोटों याकि राज्यवार विशिष्ट मतदाता समूहों के प्रतिनिधियों में ट्रंप से आगे रहेंगी, इसके शक है।

ट्रंप का जीतना अमेरिका के लिए आत्मघाती होगा और दुनिया के लिए बुरा। अमेरिका में ट्रंप उर्फ जरासंध का नए रूप, नई जिद्द से शासन होगा! वे देश के भीतर अपने 'दुश्मनों' से बदला लेंगे। अमेरिका को तेरे-मेरे में बांटेंगे। कट्टरपंथी गोरे, कैथोलिक ईसाई धर्म के नाम पर वह व्यवहार, वे प्राथमिकता बनाएंगे, जिससे अमेरिका का मूल आधार बिखरेगा! अमेरिकी सभ्यता-संस्कृति का मूल आधार व्यक्ति की स्वतंत्रता, सभी को समान अवसर तथा बुद्धि-ज्ञान-विज्ञान, उद्यमशीलता और सृजनात्मकता से समाज, प्रशासन तथा नागरिक जीवन का संचालन है। अमेरिकी राजनीति की खूबी है जो अनुदारवादी रिपब्लिकन और उदारवादी डेमोक्रेटिक दो पार्टियों में जनमानस के लिए समय-समय पर ऑल्टरनेटिव विकल्प उपस्थित होता है। और कोई भी राष्ट्रपति आठ वर्ष से अधिक व्हाइट हाउस में नहीं रह सकता। इसलिए सियासी प्रतिस्पर्धाओं, नेताओं के अहंकार के बावजूद न कोई ऱाष्ट्रपति हमेशा के लिए चक्रवर्ती राज का जरासंध जैसा सपना पाल सकता है और न बुद्धि और लोक चेतना पर ताले लग सकते हैं।

मैं रिचर्ड निक्सन-जेराल्ड फोर्ड और जिमी कार्टर के समय से अमेरिका के हर राष्ट्रपति चुनाव को ऑब्जर्वर करता रहा हूं। हर चुनाव के आगे पीछे चुनाव पर लिखा भी है। इस दौरान के दस राष्ट्रपतियों में डोनाल्ड ट्रंप वह शख्स हैं, जिससे आशा और निराशा का भंवर बना। और वह भंवर अब अमेरिका का भंवर होता लगता है। लाख टके का सवाल है डोनाल्ड ट्रंप से अमेरिका वापिस विभाजित कैसे हुआ?


# भौतिक ही नहीं, आध्यात्मिक रोशनी का पर्व है दीपावली

**ललित गर्ग**

दीपावली एक समृद्धि, खुशहाली एवं रोशनी का लौकिक पर्व है। यह जितना भौतिक पर्व है, उतना ही आध्यात्मिक पर्व भी है, इसलिये यह केवल बाहरी अंधकार को ही नहीं, बल्कि भीतरी अंधकार को मिटाने का पर्व भी बने। हम भीतर में धर्म का दीप जलाकर मोह और मूर्च्छा के अंधकार को दूर कर सकते हैं। दीपावली के मौके पर सभी आमतौर से अपने घरों की साफ-सफाई, साज-सज्जा और उसे संवारने-निखारने का प्रयास करते हैं। उसी प्रकार अगर भीतर चेतना के आँगन पर जमे कर्म के कचरे को बुहारकर साफ किया जाए, उसे संयम से सजाने-संवारने का प्रयास किया जाए और उसमें आत्मा रूपी दीपक की अखंड ज्योति को प्रज्वलित कर दिया जाए तो मनुष्य शाश्वत सुख, शांति एवं आनंद को प्राप्त हो सकता है।

दीपावली का सम्पूर्ण पर्व एक ऊर्जा है, एक शक्ति है, एक प्रकार की गति है। एक सत्य से दूसरे सत्य की ओर अनवरत, अनिरुद्ध गति ही दीपावली की जीवंतता है। जीवन के अनेक अनुभवों का समवाय है दीपावली। एक अनुभूति से दूसरी अनुभूति तक की यात्रा में जो दीपावली के विलक्षण एवं अद्भुत क्षणों की गति है, वही जीवन की वास्तविकता है। जीवन एक यात्रा है, सतत यात्रा। ठीक इसी तरह दीपावली भी एक यात्रा है, एक प्रस्थान है, कुछ नया पाने की, अनूठा करने की। समय बह रहा है, जीवन बीत रहा है। वर्ष पर वर्ष, माह पर माह, दिन पर दिन एवं पलों पर पल बीत रहे हैं, सांसों के घट रीत रहे हैं। इन घटती सांसों को अर्थपूर्ण बनाने, सम्पूर्णता से जी लेने एवं उपयोगी करने का पर्व है दीपावली। वृक्ष भी जीते हैं, पशु-पक्षी भी जीते हैं, परंतु वास्तविक जीवन वे ही जीते हैं, जिनका मन मनन का उपजीवी हो। मननशीलता की संपदा मानव को सहज उपलब्ध है। अपेक्षा है उसका सम्यक् उपयोग और विकास कर जीवन को सार्थक दिशा प्रदान करें। उजालों का स्वागत करें।

दीपावली की रात भारत भूमि पर आसमान उतर आता है। ज्यों आकाश में तारे टिमटिमाते हैं, सो उस रात धरा पर दिए टिमटिमाते हैं। चांद से रीती इस रात का हर पक्ष उजला है। अमावस कहकर कोई याद नहीं रखता इसे। इसमें इतना उजास जो है। कहते हैं सूनी राह पर, अकेले द्वार पर, कुएं की तन्हा मेड़ पर और उजाड़ तक में दीप रखने चाहिए। कोई भूले-भटके भी कहीं किसी राह पर निकले, तो उसे अंधेरा न मिले। इस रात हरेक के लिए उजाले जुटा दिए जाते हैं। अब उजालों के इस अपूर्व एवं अलौकिक पर्व की जगर-मगर में दीपों की माटी कम और लट्टूओं वाली बिजली एवं पटाखों का प्रदूषण अधिक है। वक्त के साथ खुशियों का अहसास तो नहीं बदलता, पर उसकी आमद के जरिए अलग हो जाते हैं। दीपावली पर रोशनी का परचम बुलंद किए हौसलेमंद दिए ज्यों तम के सामने डट जाते हैं, वह एक कालजयी ऐलान है विजय का। इस विजय को पाने एवं मोह का अंधकार भगाने के लिए धर्म का दीप जलाना होगा। जहाँ धर्म का सूर्य उदित हो गया, वहाँ का अंधकार टिक नहीं सकता। एक बार अंधकार ने ब्रह्माजी से शिकायत की कि सूरज मेरा पीछा करता है। वह मुझे मिटा देना चाहता है। ब्रह्माजी ने इस बारे में सूरज को बोला तो सूरज ने कहा-मैं अंधकार को जानता तक नहीं, मिटाने की बात तो दूर, आप पहले उसे मेरे सामने उपस्थित करें। मैं उसकी शक्ल-सूरत देखना चाहता हूँ। ब्रह्माजी ने



उसे सूरज के सामने आने के लिए कहा तो अंधकार बोला-मैं उसके पास कैसे आ सकता हूँ? अगर आ गया तो मेरा अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। जीवन का वास्तविक उजाला लिबास नहीं है, भोजन नहीं है, भाषा नहीं है और उसकी साधन-सुविधाएं भी नहीं हैं। वास्तविक उजाला तो मनुष्य में व्याप्त उसके आत्मिक गुणों क महक ही है, जो मानवीय बनाते हैं, जिन्हें संवेदना और करुणा के रूप में, दया, सेवा-भावना, परोपकार के रूप में हम देखते हैं। असल में यही गुणवत्ता उजालों की बुनियाद है, नींव हैं जिसपर खड़े होकर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बनाता है। जिनमें इन गुणों की उपस्थिति होती है उनकी गरिमा चिरंजीवी रहती है। समाज में उजाला फैलाने के लिये इंसान के अंदर इंसानियत होना जरूरी है। जिस तरह दीप से दीप जलता है, वैसे ही प्यार देने से प्यार बढ़ता है और समाज में प्यार और इंसानियत रूपी उजालों की आज बहुत जरूरत है। दीपों की कतारें दीपावली का शाब्दिक अर्थ ही नहीं, वास्तविक अर्थ है। कतारों के लिए निरंतरता जरूरी है। और निरंतरता के लिए नपा-तुला क्रम। दीप जब कतार में होते हैं, तो आनंद का सूचक बन जाते हैं। जैसे कोई मूक उत्सव हो- जगर-मगर उजाले का। उजालों की पंक्तियां उल्लास का द्योतक हैं। दीप होते ही प्रेरक हैं। एक बाती, अंजुरी-भर तेल और राह-भर प्रकाश। जितना सादा दीपावली का दीपक होता है, उससे सादा कुछ नहीं हो सकता। माटी ने ज्यों पक-जमकर, बाती के बीज से ज्योत पल्लवित की हो। यह विजय पताका कार्तिक अमावस्या के अंधेरे की पूरी रात दूर रखती है। दीपावली की रात को हर दीप रोशनी की लहर बनाता है, उजालों के समन्दर में अपना योगदान देता है। शेक्सपियर की चर्चित पंक्ति है- 'अगर रोशनी पवित्रता का जीवन रक्त है तो विश्व को रोशनीमय कर दो/ जगमगा दो और इसे जी-भरकर बाहुल्यता से प्राप्त करो।' शेक्सपियर ने यह पंक्ति चाहे जिस संदर्भ में कही हो, पर इसका उद्देश्य निश्चित ही पवित्र था और अनेक अर्थों को लिए हुए यह उक्ति सचमुच में जीवन व्यवहार की स्पष्टता के अधिक नजदीक है। दीपावली का पर्व और उससे जुड़े रोशनी के दर्शन का भी यह उद्घोष है। रोशनी! उत्सव का प्रतीक, खुशी के इज़हार करने का प्रतीक है, सफलता का प्रतीत है। अगर हम इस सोच को गहराई में डुबो लें तो ये सूक्तियां हमारे जीवन की रक्त धमनियां बन सकती हैं और उससे उत्तम व्यवहार की रश्मियां प्रस्फुटित हो सकती है। उन रश्मियों की निष्पत्तियां के स्वर होंगे- सदा दीपावली संत की आठों पहर आनन्द, घट-घट दीप जले दीये की लौ सूरज से मिल जाये। जीवन के ह्रास और विकास के संवादी सूत्र हैं- अंधकार और प्रकाश। अंधकार स्वभाव नहीं, विभाव है।

# ट्रेन में गांजा तस्करी, 4 कॉन्स्टेबल सहित 6 अरेस्ट

## स्मगलिंग रोकने वाली टीम के थे सदस्य, कमाई देखकर खुद करने लगे कारोबार






**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर निप्र।** रायपुर एटीएस और रेंज साइबर ने 2 गांजा तस्कर और जीआरपी के 4 कॉन्स्टेबल को गिरफ्तार किया है। इनमें गांजा तस्कर और 2 कॉन्स्टेबल को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं, 2 कॉन्स्टेबल को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

इनमें से एक कॉन्स्टेबल कोकीन के साथ पहले भी पकड़ा गया था, उसे 10 महीने की सजा भी हुई थी। दरअसल, छत्तीसगढ़ में ट्रेनों में गांजा समेत प्रतिबंधित सामानों की तस्करी रोकने के लिए जीआरपी ने एंटी क्राइम टीम बनाई है।

गांजे में अधिक कमाई देख टीम के सदस्य ही भी तस्करों के साथ जुड़ गए। साथ ही उनके संरक्षक बन गए और जब्त गांजे का अवैध कारोबार भी शुरू कर दिया।

**जीआरपी को मिली थी शिकायतः** बिलासपुर रेंज के आईजी को जीआरपी बिलासपुर के कांस्टेबलों की अवैध गतिविधियों की शिकायत मिली थी। बताया गया था कि, किस तरह जीआरपी की एंटी क्राइम टीम गांजा तस्करी के अवैध कारोबार में लिप्त है। आरोप लगा कि पुलिस के बड़े अफसरों ने किस तरह से सुनियोजित प्लानिंग कर अवैध वसूली के लिए इन आरक्षकों की टीम बनाई है।

इस टीम का गठन ट्रेनों में चोरी करने वाले गिरोह की पतासाजी और मादक पदार्थ गांजा सप्लायरों की धरपकड़ के लिए बनाया गया था। लेकिन, बड़े पैमाने पर अवैध उगाही और तस्करी की जाने लगी। अफसरों के संरक्षण में फल फूल रहे इस अवैध कारोबार की शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**आईजी ने पुलिस मुख्यालय को भेज दी शिकायतः** इस पर बड़े अफसरों के शामिल होने के आरोप लगने के बाद द्धल ने एक्शन लेने के बजाय शिकायत पुलिस मुख्यालय भेज दिया। जिसके बाद इसकी जांच की जिम्मेदारी रायपुर एटीएस की टीम को दी गई। बताया जा रहा है कि पिछले 6 महीने से टीम के सदस्य इन चारों आरक्षकों को ट्रैक कर रहे थे। लेकिन पिछले तीन-चार माह से जीआरपी के सभी आरक्षक कोई बड़ी कार्रवाई नहीं कर रहे थे।

**तस्करों से पूछताछ, तकनीकी जांच के बाद पकड़े गए आरक्षकः** 24 अक्टूबर को जीआरपी में 10-10 किलो ग्राम गांजा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जीआरपी की टीम के गांजा तस्करों की जानकारी मिलते ही एटीएस की टीम जांच के लिए बिलासपुर पहुंच गई। इस दौरान जबलपुर निवासी गांजा तस्कर योगेश सौंधिया (39) और उत्तरप्रदेश के बांदा जिले के तस्कर रोहित द्विवेदी (32) को टीम अपने साथ लेकर रायपुर चली गई।

जहां पूछताछ में उन्होंने जीआरपी के आरक्षक संतोष राठौर, लक्ष्मण गाइन, मन्नू प्रजापति, सौरभ नागवंशी के नाम बताए। जिसके बाद चारों आरक्षकों के पकड़ने के लिए टीम बनाई गई।

**रेंज साइबर थाने में ट्रांसफर हुआ केसः** गांजा तस्करी के इस केस में जीआरपी के एंटी क्राइम टीम के आरक्षकों का नाम सामने आते ही आनन-फानन में इस केस को रेंज साइबर थाने में ट्रांसफर किया गया, जिसके बाद इन आरक्षकों की तलाश शुरू की गई।

साइबर सेल के टीआई राजेश मिश्रा के नेतृत्व में एएसआई हेमंत आदित्य, हेड कॉन्स्टेबल बलबीर सिंह, कॉन्स्टेबल सरफराज खान, विकास यादव, महादेव यादव की टीम आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस दौरान चारों आरोपियों को पुलिस की इस कार्रवाई की भनक लग गई थी। लिहाजा, वो भागने की फिराक में थे। तभी पुलिस की टीम ने रविवार की रात उन्हें दबोच लिया।

**पुलिस रिमांड पर दो आरक्षक, दो को भेज दिया जेलः** बताया जा रहा है कि, आरक्षक संतोष राठौर और लक्ष्मण गाइन विभाग के बड़े अफसरों के संरक्षण में अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे थे। रायपुर एटीएस की टीम ने उनके मोबाइल की तकनीकी जांच कराई है। जिसके बाद बड़े अफसरों को बचाने का खेल भी शुरू हो गया है।

हालांकि, अभी गांजा तस्कर, दो आरक्षक संतोष राठौर और लक्ष्मण गाइन को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उनसे पूछताछ कर आगे की जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं, दो अन्य आरक्षकों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

**132 ग्राम कोकिन के साथ पकड़ा गया था टीम का हेडः** आरक्षक लक्ष्मण गाइन 123 ग्राम कोकीन के साथ 24 सितंबर 2020 को पकड़ा गया था। इसके बाद यह 10 महीने जेल में बंद था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर रिहा हुआ। फिर जेल से निकलने के बाद इसने पहले पुलिस एसपी (रेल) मिलना कुर्रे से बिलासपुर जीआरपी में जाने की अनुमति मांगी, इसके बाद उसे यहां भेजा गया।

# छोटेलाल को मिली बड़ी राहत

## विधायक व जिला प्रशासन की पहल पर बैटरी चालित मोटराइज्ड ट्राई साइकिल घर तक पहुंची



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** भरतपुर तहसील के ग्राम जमथान निवासी छोटेलाल जो कि 85 प्रतिशत दिव्यांगता के कारण चलने-फिरने में असमर्थ हैं, को क्षेत्रीय विधायक पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह की पहल पर जिला प्रशासन ने बैटरी चालित मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उनके घर तक पहुंचाकर बड़ी राहत दी है। अपनी समस्या लेकर जिला मुख्यालय में कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में आए छोटेलाल ने मोटराइज्ड ट्राई साइकिल की मांग की थी। उनकी इस जरूरत को देखते हुए, कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने आश्वासन दिया कि जैसे ही ट्राई साइकिल उपलब्ध होगी, उसे भरतपुर तहसील स्थित उनके गांव तक पहुंचाया जाएगा, ताकि उन्हें मनेन्द्रगढ़ आने की जरूरत न हो।

जैसे ही समाज कल्याण विभाग में बैटरी चालित ट्राई साइकिल उपलब्ध हुई, जिसे 28 अक्टूबर 2024 को उपसंचालक समाज कल्याण विभाग की देखरेख में छोटेलाल के घर तक पहुंचाया गया। जिला प्रशासन की इस संवेदनशीलता से छोटेलाल ने खुशी व्यक्त की और प्रशासन व क्षेत्रीय विधायक रेणुका सिंह के प्रति आभार जताया है।

# ननि, नपा, नगर पंचायत के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में वर्ष 2024-25 के दौरान होने वाले नगरीय निकायों (नगरपालिका) नगर पालिक निगम/नगरपालिका/नगर पंचायत के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इच्छुक निविदाकार अपने आवेदन रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस निविदा फार्म की कीमत 100 रुपये है, जिसे जिले की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है या कार्यालय कलेक्टर की स्थानीय निर्वाचन शाखा से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित प्रारूप में भरी हुई निविदाएं रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय में 14 नवंबर 2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक प्राप्त की जाएगी, और उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी। मुद्रण कार्य के लिए आवश्यक कागज कलेक्टर कार्यालय की स्थानीय निर्वाचन शाखा द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु निविदाकार कलेक्टर कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से संपर्क कर सकते हैं।

# जिला में मतपत्र मुद्रण हेतु निविदाएं आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में वर्ष 2024-25 में होने वाले पंचायत चुनावों के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। यह निविदाएं रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही भेजी जा सकती हैं। इस निविदा फार्म की कीमत 100 रुपये है, जो कि जिले की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। इसे कार्यालय कलेक्टर के स्थानीय निर्वाचन शाखा से भी प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी हुई निविदाएं रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा कलेक्टर कार्यालय में 14 नवंबर 2024 को दोपहर 2 बजे तक प्राप्त की जाएंगी। इसी दिन अपरान्ह 4 बजे निविदाएं निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।

पंचायत चुनाव की मुद्रण के लिए कागज कलेक्टर कार्यालय के स्थानीय निर्वाचन शाखा से उपलब्ध कराए जाएंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन शाखा) के कलेक्टर कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### राज्योत्सव में बॉलीवुड सिंगर शान-नीति मोहन देंगे परफॉर्मेंस

# इस बार 1 नवंबर को नहीं होगा सेलिब्रेशन, 4 से 6 तक लगेगा मेला

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में इस बार 1 नवंबर को राज्योत्सव का आयोजन नहीं किया जाएगा, बल्कि 4 से 6 नवंबर तक राज्योत्सव मेला नवा रायपुर में होगा। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 6 नवंबर को रायपुर पहुंचेंगे। वे अंतिम दिन अलंकरण समारोह में शामिल होंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के ष्टरू मोहन यादव आएंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, सभी शहरों और गांव की जनता एक नवंबर की शाम अपने घरों में दीप जलाकर दीपोत्सव के साथ-साथ राज्योत्सव भी मनाएं। राज्योत्सव पर नवा रायपुर अटलनगर में साय सरकार की तरफ से 10 हजार दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। सरकार रियायती दरों पर आम लोगों के लिए राज्योत्सव तक जाने बस की सुविधा उपलब्ध कराएगी।

**कब कौन सिंगर आएगाः** संस्कृति संध्या में बॉलीवुड के सिंगर शान, नीति मोहन, इंडियन आइडल विनर पवनदीप और अरुनिदिता परफॉर्मेंस देंगे। इससे पहले भी राज्योत्सव में शान और नीति परफॉर्म कर चुके हैं।

# हिंदू धर्म का मजाक उड़ाने पर तलाक

## हाईकोर्ट ने कहा- पति की धार्मिक मान्यताओं का अपमान मानसिक क्रूरता, पत्नी की अपील खारिज



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कहा- धार्मिक ग्रंथों में पत्नी के बिना पति का यज्ञ अधूरा रह जाता है। ऐसे में लंबे समय तक पति के धार्मिक मान्यताओं का अपमान करना मानसिक क्रूरता है। ऐसे में पति अपनी पत्नी से तलाक पाने के लिए हकदार है। इस टिप्पणी के साथ हाईकोर्ट ने हिंदू धर्म का मजाक उड़ाने वाली ईसाई पत्नी दिए तलाक को सही ठहराया है। इसके साथ ही कोर्ट ने पत्नी की अपील खारिज कर दी है। मामले की सुनवाई बुधवार को जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस संजय जायसवाल की बेंच में हुई। ईसाई धर्म को मानने वाली पत्नी लगातार हिंदू धर्म का मजाक उड़ाती थी। इससे आहत होकर पति ने तलाक दे दिया था। पत्नी ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी।

**हिंदू रीति-रिवाज के साथ हुई थी शादीः** दरअसल, मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले के करंजिया निवासी नेहा की शादी 7 फरवरी 2016 को बिलासपुर निवासी विकास चंद्रा से हिंदू रीति-रिवाज के थी। नेहा शादी से पहले से ईसाई धर्म को मानती है। शादी के कुछ महीनों बाद ही वह हिंदू धार्मिक मान्यताओं और देवी-देवताओं का उपहास करने लगी। विकास उसे हिंदू धर्म मानने के लिए कहता रहा, पर वो नहीं मानी। विकास दिल्ली में नौकरी करता था। शादी के बाद वह विकास के साथ दिल्ली में कुछ समय बिताने के बाद बिलासपुर लौट आई। इसके बाद फिर से पत्नी ने क्रिश्चियन धर्म अपनाते हुए चर्च जाना शुरू कर दिया।

**फैमिली कोर्ट ने पति के पक्ष में दिया फैसलाः** पत्नी के इस व्यवहार से परेशान होकर विकास ने परिवार न्यायालय में तलाक की अर्जी लगा दी। सुनवाई के दौरान परिवार न्यायालय ने विकास के पक्ष में फैसला सुनाते हुए तलाक मंजूर करते हुए डिक्री आदेश जारी कर दिया। फैमिली कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ नेहा ने हाईकोर्ट में अपील की।

# रेलवे-स्टेशन पर युवक की गला रेतकर हत्या

## दो नाबालिगों ने चाकू से गले-सीने पर किया वार, इनमें एक लड़की भी, देर से पहुंची जीआरपी



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर के रेलवे स्टेशन पर दो नाबालिगों ने मिलकर चाकू से गला रेतकर युवक की हत्या कर दी। आरोपियों में एक लड़की भी शामिल है। युवक के गले और सीने पर वार किया गया है। इनके बीच पैसों को लेकर पुराना विवाद था, जिसे लेकर हत्या की गई है। वहीं वारदात के बाद आधे घंटे तक जमीन पर लहूलुहान पड़ा युवक दर्द से तड़पता रहा, जिसके बाद जीआरपी पहुंची।

जीआरपी थाना प्रभारी जीएस राजपूत के मुताबिक घटना मंगलवार रात करीब 9 बजे की है। प्लेटफार्म नंबर एक के पास एटीएम के सामने कुछ लोगों के विवाद की सूचना मिली। जीआरपी ने मौके पर जाकर देखा तो वहां पर एक युवक लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़ा हुआ था। आसपास खून बिखरा हुआ था। युवक रोमत जांगड़े उर्फ सलमान की मौत हो चुकी थी।

**धक्का मुक्की के बाद मारपीटः** बताया जा रहा है कि रिजर्वेशन बिल्डिंग की ओर से एक नाबालिग युवक और लड़की सलमान के पीछे दौड़ते हुए आए। फिर दोनों सलमान के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। तभी उन्होंने धक्का मुक्की करके मारपीट शुरू कर दी।

# भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती

## नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण 04 दिसंबर से

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के लिए रायगढ़ जिले में शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन 04 दिसंबर 2024 से 12 दिसंबर 2024 तक किया जाएगा।

इस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए जिले के लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को इस कार्यालय द्वारा नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को 1.6 किलोमीटर की दौड़, बीम पुल अप, 9 फीट गड्ढा कूदना और बैलेंसिंग बीम पर चलना जैसी चुनौतियों के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, एमसीबी चैनपुर, पटवारी आवास के बगल में जमा कर सकते हैं।

# रूम दिखाने के बहाने युवती से छेड़छाड़

## दूसरे मंजिल के हॉल में ले जाकर वारदात, कमरे से चिल्लाते बाहर निकली पीड़िता




**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में रूम दिलाने के नाम पर इलेक्ट्रानिक्स दुकान के संचालक ने एक युवती से छेड़छाड़ की है। बताया जा रहा है कि जशपुर की लड़की से छेड़खानी की गई है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि कुनकुरी थाना क्षेत्र में रहने वाली 23 वर्षीय युवती एक महीने पहले जूटमिल क्षेत्र निवासी अपनी सहेली के घर आई थी। तब वह उसके साथ पंखा खरीदने के लिए सुभाष चौक में रामदयाल दीनदयाल इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान गई। जहां उसकी पहचान दुकान संचालक राघव रतेरिया से हुई।

**इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में किराए मकान के बार में की बातचीतः** इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान संचालक राघव ने युवती का नाम पता ले लिया। साथ ही कहा कि कभी काम या किराए के मकान की जरूरत पड़े तो उसे बताए। इसके बाद युवती अपने घर चले गई, लेकिन वह 28 अक्टूबर को रायगढ़ आई। अपनी सहेली के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान पहुंचकर राघव से किराए के मकान की बात की।

**ऊपर मंजिल के हॉल में ले गयाः** इस दौरान राघव शाम करीब 6 बजे अपने नौकर के साथ उस युवती और उसकी सहेली को लेकर रामभांठा क्षेत्र स्थित अपने एक भवन में पहुंचा। उसे ऊपर मंजिल के हॉल में ले गया। इस दौरान उसकी सहेली और उसका नौकर नीचे थे।

**कोर्ट ने भेजा जेलः** इस दौरान राघव ने युवती के साथ गलत नियत से छेड़खानी करने लगा, जिससे युवती चिल्लाते हुए नीचे उतरी और कोतवाली थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। जहां पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने जेल भेज दिया है।

# धनतेरस पर 500 करोड़ का हुआ कारोबार

## 30 करोड़ का पटाखा बिका, ऑटो मोबाइल और सराफा बाजार में उमड़ी भीड़





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में इस बार धनतेरस पर जमकर खरीदारी हुई। मंगलवार को शहर में ऑटोमोबाइल से लेकर सराफा बाजार तक खरीदारों की भीड़ उमड़ी। कारोबारियों का अनुमान है कि, इस त्योहार पर 500 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ है। एक ही दिन में 30 करोड़ रुपए के पटाखे बिकने का दावा भी किया जा रहा है। सोना महंगा होने के बावजूद बाजार में सोने-चांदी के सिक्के और मूर्तियों की मांग रही। वहीं, ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी लोगों को अपनी पसंद के मुताबिक मॉडल और रंग मिलना मुश्किल हो गया। धनतेरस पर्व पर शुभ मुर्हूत में खरीदारी करना विशेष शुभ दिन माना गया है।

इस दिन धातु खरीदना शुभ माना जाता है। इसलिए बर्तन बाजार में भी रौनक छाई रही। गोलबाजार और शनीचरी बाजार स्थित बर्तन दुकानों में सुबह से लेकर देर शाम तक ग्राहक पहुंचते रहे। अपने पसंद की खरीदारी करते रहे। वहीं, धनतेरस पर तांबे, पीतल और कांसा के बर्तनों की जमकर बिक्री हुई।

**महंगाई का असर, सराफा मार्केट रहा डाउनः** इस बार सोने-चांदी की कीमती में भारी उछाल आया। सोना 81 हजार से अधिक तोला और चांदी करीब 90 हजार रुपए किलो है। बावजूद इसके सराफा बाजार में सोने-चांदी के सिक्के और छोटे आभूषण जैसे झुमके, अंगूठी जैसे गहने जमकर बिके। सराफा व्यापारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने बताया कि, धनतेरस से पहले इस शुभ दिन के आने से सराफा व्यापार में तेजी और चमक रही। लेकिन, बाजार में महंगाई का असर देखने को मिला। इस बार सराफा बाजार में करीब 50 करोड़ रुपए के व्यवसाय का अनुमान है।

**इलेक्ट्रॉनिक आइटम की बढ़ी डिमांडः** शहर के तेलीपारा और जूना बिलासपुर के इलेक्ट्रॉनिक बाजारों में सजावटी लाइट की नई-नई वेराइटियां लेने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। इसके साथ ही टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन जैसी घरेलू उपयोग की वस्तुओं की जमकर खरीदी हुई। बड़े इलेक्ट्रिकल स्टोर्स पर पूरे दिन ग्राहकों की भीड़ नजर आई।

**एक ही दिन में बिके 30 करोड़ रुपए के पटाखेः** दिवाली के लिए शहर में अलग-अलग जगहों पर पटाखा बाजार सजे हैं। ऐसे में फैंसी पटाखा भी बाजार में नजर आ रहे हैं, जो आसमान में सतरंगी छटा बिखेरेंगे। बच्चों के लिए पॉप-पॉप और चुटपुट सहित फैंसी पटाखों की नई-नई किस्में उपलब्ध है। बच्चों के यह छोटे पटाखे भी कई रंगों में आए हैं। वहीं, फुलझड़ी, फ्लावर पाट, राकेट, लड़ के साथ ही धमाका करने वाले बड़े बम भी है। इस बार शहर के तीन प्रमुख स्थानों में पटाखा बाजार लगाया गया है। इसमे मुंगेली नाका स्थित ग्रीन पार्क मैदान में 52, सीएमडी कालेज मैदान में 47 और बुधवारी बाजार में थाने के सामने 68 दुकाने लगाई गई है। मंगलवार को सुबह से लेकर देर रात तक पटाखा बाजार गुलजार रहा। इस दौरान लोग अपनी-अपनी पसंद के पटाखे खरीदने के लिए जुटे रहे। एक ही दिन में 30 करोड़ रुपए के पटाखों की बिक्री होने का दावा किया जा रहा है।

**स्काईशॉट और बियरकेन वाले अनारदानों की बढ़ी डिमांडः** पटाखा व्यापारी शरद खैरवार ने बताया कि, फैंसी पटाखा में सिंगल स्काई शॉट, 12, 60, 120 और 240 आवाज की डिमांड अधिक है। इसके साथ ही अनारदाने पटाखों की भी कई वेराइटियां है। जिसमें बियर केन वाले पटाखों की डिमांड ज्यादा है, जो आसमान में जाकर अपनी सतरंगी छटा बिखेरता है। इसी तरह राकेट में डबल साउंड, ग्रीन लाइट राकेट, विसिल्लस की मांग है। बच्चों के पटाखों में सबसे ज्यादा डिमांड चुटपुट, पुटपुट और सांप की है। अन्य पटाखों में कई रंगों के आनारदाने, फुलझड़ी, लड़ और छोटे से लेकर बड़े बम की मांग है।

**आज नरक चतुर्दशी, कल दिवालीः** न्यायधानी में नरक चतुर्दशी का पर्व बुधवार को उत्साह से मनाया जाएगा। इसे छोटी दिवाली के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन दीपक जलाने की परंपरा, भगवान श्रीकृष्ण की पूजा और घर को सजाने का खास महत्व है। शहर के घरों और गलियों में दीपों की चमक और उल्लास का माहौल देखा जाएगा। जो इस पर्व को और खास बना देता है। नरक चतुर्दशी को रूप चौदस और छोटी दिवाली के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कर लोगों को उसके अत्याचारों से मुक्त किया था। इसलिए इसे नरक चतुर्दशी कहते हैं। इस अवसर पर लोग सुबह उठकर स्नान करते हैं और खुद को नकारात्मकताओं से दूर करने का संकल्प लेते हैं।

# युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**मीहिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में टिंबर के कर्मचारी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि पत्नी से झगड़ा होने के बाद उसने आत्महत्या की है। बताया जा रहा है कि युवक ने तीन महीने पहले की लव मैरिज की थी। मामला कुम्हारी थाना क्षेत्र का है। कुम्हारी थाना प्रभारी जनकराम कुर्रे ने बताया कि मृतक की पहचान धनेश्वर चक्रधारी उर्फ लाला (22 साल) पिता रवि चक्रधारी निवासी श्रृंगारपुर बलौदाबाजार के रूप में हुई है। लाला आशीष शुक्ला की लकड़ी टाल में काम करता था।

**पंखे से लटका मिला युवकः** मंगलवार रात में उसकी पत्नी ने फोन पर सूचना दी कि उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि वो पंखे से लटका हुआ है। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पंचनामा कार्रवाई के बाद उसे पोस्टमॉर्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेज दिया।

## रीवा की खबरें

## पिकअप वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मारी, इकलौते बेटे की मौत



### घर से मैदानी जाने के लिए निकला था

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बदराव के पास बुधवार शाम बाइक सवार युवक को पीछे से पिकअप ने टक्कर मार दी। बाइक सवार रीवा से गुढ रोड की तरफ जा रहा था। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया। घटना के बाद युवक सागर द्विवेदी निवासी जिवला को स्थानीय लोगों की मदद से संजय गांधी अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह घर से मैदानी जाने के लिए निकला था। परिजन दीपक द्विवेदी ने बताया कि सागर घर का इकलौता बेटा था।सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। अज्ञात पिकअप वाहन की तलाश की जा रही है।

## स्वस्थ, खुशहाल और समृद्ध समाज के निर्माण की प्रेरणा देती है दीपावली

### उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी दीपावली की शुभकामनाएं



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने दीपावली पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने प्रार्थना की है कि सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शुभ स्वास्थ्य का प्रकाश फैले। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का प्रतीक है, जो हमें आशा और उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करता है। अयोध्या में भगवान श्रीराम की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा के साथ, यह पर्व पूरे देश में खुशियों और उल्लास से भर गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आज आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है, जो हम सबके लिए गर्व का विषय है।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि यह पर्व हमें स्वस्थ, खुशहाल और समृद्ध समाज के निर्माण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ समाज ही एक मजबूत राष्ट्र की नींव रखता है। प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और प्रत्येक नागरिक को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि हर व्यक्ति स्वस्थ और सशक्त जीवन जी सके।

## गोवर्धन पूजा पर एक नवंबर को अवकाश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल द्वारा जारी आदेशनुसार निगोशिएबल इंस्टूमेंट एक्ट 1881 के अंतर्गत एक नवम्बर 2024 शुक्रवार को गोवर्धन पूजा एवं 3 नवम्बर 2024 रविवार को भाईदूज के उपलक्ष्य में सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया है।

# मुयमंत्री ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के समारोह को किया संबोधित

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अपनी गौरवशाली परंपराओं को सहेजते हुए विकास और प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर है। राज्य शासन द्वारा दशहरे पर शस्त्र-पूजन और दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा का आयोजन इस बात का प्रतीक है। प्रदेश की स्थापना दिवस पर परम्परागत मलखंब कला का प्रदर्शन भी इस भाव का प्रकटीकरण है। अतीत को सहेज कर समय के साथ चलने की यह विशेषता प्रदेश को विश्व में वैशिष्ट्य प्रदान करती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए मध्यप्रदेश सदैव तत्पर है। यह प्रदेश के लिए गर्व और सौभाग्य का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा धन्वंतरि जयंती पर देश को दी गई सौगातो में सर्वाधिक मध्यप्रदेश को प्राप्त हुई हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के कर-कमलों से 3 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय क्रमशः मंदसौर, नीमच और सिवनी का लोकार्पण हुआ है। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं नए दौर में हैं, 20 से अधिक मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पतालों में जांच और इलाज सुविधा, मेडिकल और पैरामेडिकल स्टॉफ की बढ़ती




संख्या, आरोग्य मंदिर और आयुर्वेद अस्पतालों ने जन सामान्य को बड़ा संबल प्रदान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर लाल परेड ग्राउंड से प्रदेशवासियों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समरोह का ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रगान व मध्यप्रदेश गान प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेना द्वारा लगाई गई सैन्य व युद्ध उपकरणों पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव के सम्मुख आर्मी बैंड द्वारा सुमधुर धुनों की प्रस्तुति दी गई। प्रदेश के राज्यीय खेल मलखंब का प्रदर्शन भी किया गया। कथक नृत्य के रूप में गणेश वंदना से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां का क्रम आरंभ हुआ। 3 ईएमई सेंटर भोपाल के मिलिट्री बैंड द्वारा प्रस्तुत देश भक्ति गीतों की धुनों ने कार्यक्रम में उत्साह ,उमंग और जोश का संचार कर दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्थापना दिवस की प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि दीपोत्सव की शुभ बेला में मध्यप्रदेश का 69वां राज्योत्सव मनाया जा रहा है। बुंदेलखंड, बघेलखंड, निमाड़, मालवा और महाकौशल रूपी पांचो अंचलों ने प्रदेश को अविस्मरणीय इतिहास, अद्भुत कला, अनुपम संस्कृति, अद्वितीय परंपरा और अनंत सामर्थ्य का पंचामृत दिया है।

धर्म-अध्यात्म और ज्ञान की त्रिवेणी, विंध्याचल और सतपुड़ा की गोद में विद्यमान मध्यप्रदेश ने विश्व को साहित्य और संगीत की अमूल्य विरासत सौंपी है। लोक संस्कृति और जनजातीयां प्रदेश का आधार हैं। यह भूमि भगवान श्रीराम के वनवास, भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा, सम्राट विक्रमादित्य के पराक्रम और सृजनशीलता की साक्षी रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ने कई उपलब्धियां अर्जित की है। यह देश की फूड बॉस्केट, सोयाबीन प्रदेश, हीरा प्रदेश, बिजली प्रदेश, जनजातियों का घर, बाघ प्रदेश और चीता स्टेट के नाम से विख्यात है। स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर और भोपाल ने कीर्तिमान स्थापित किए हैं। किसान भाइयों के सामर्थ्य से प्रदेश ने 7 बार कृषि को कर्मण पुरस्कार जीता। प्रदेश के शरबती गेहूं, सोयाबीन और चिन्नौर चावल का कोई मुकाबला नहीं है। प्राकृतिक औषधि और श्रीअन्न के उत्पादन में भी प्रदेश अग्रणी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जिसने मानवता के लिए सदैव अपनी सकारात्मक भूमिका निभाई है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीनों सेनाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी दक्षता को सिद्ध कर भारत का मान बढ़ाया और देश की सीमाओं की रक्षा की है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 卐जियो और जीने दो卐 के सिद्धांत को व्यवहार में लाते हुए सभी दिशाओं में प्रगति कर रहा है। केन्द्र एवं प्रदेश की डबल इंजन सरकार भी प्रत्येक प्रदेशवासी के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, सांसद श्री आलोक शर्मा, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक श्री भगवान दास सबनानी, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला तथा अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री दो दिन के गुजरात दौरे पर



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। वे सरदार पटेल की जयंती पर मनाए जाने वाले एकता दिवस के लिए यहां केवड़िया पहुंचे हैं। उन्होंने बुधवार को एकता नगर में 280 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और आधारशिला रखी। उनका स्टार्ट 6.0 कार्यक्रम में अधिकारियों, कॉमन फाउंडेशन कोर्स (ट्रेनी आईएएस-आईपीएस) अफसरों को संबोधित करने का कार्यक्रम भी है। इस साल के कार्यक्रम का विषय आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए रोडमैप है। 99वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स स्टार्ट 6.0 में भारत की 16 सिविल सेवाओं और भूटान की 3 सिविल सेवाओं के 653 ट्रेनी अफसर शामिल हैं। पीएम मोदी गुरुवार (31 अगस्त) को केवड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में भाग लेंगे। सबसे पहले वे सुबह करीब 7¬15 बजे पीएम मोदी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल होंगे। एकता दिवस परेड में 16 परेड टुकड़ियां प्रधानमंत्री मोदी एकता दिवस की शपथ दिलाएंगे और परेड देखेंगे। इसमें 9 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की पुलिस, 4 केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, एनसीसी और एक मार्चिंग बैंड की 16 टुकड़ियां शामिल होंगी। विशेष आकर्षणों में एनएसजी की हेल मार्च टुकड़ी, बीएसएफ और सीआरपीएफ के महिला और पुरुष बाइकर्स का साहसिक प्रदर्शन, बीएसएफ द्वारा भारतीय मार्शल आर्ट के संयोजन पर एक शो, स्कूली बच्चों का पाइप बैंड शो, भारतीय वायु सेना द्वारा सूर्य किरण फ्लाईपास्ट आदि शामिल होंगे। 18 राज्यों के लिए 12850 करोड़ की परियोजना, 70+ वालों को 5 लाख का मुफ्त इलाज 29 अक्टूबर को धनतेरस और 9वें आयुर्वेद दिवस पर केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को विस्तार दिया। इसमें बुजुर्गों को शामिल किया। 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोगों के लिए 5 लाख रुपए का मुफ्त इलाज की सुविधा लॉन्च की। इसके तहत देश के 6 करोड़ बुजुर्गों को फायदा मिलेगा।

## केजरीवाल बोले-सीएजी को आयुष्मान में गड़बड़ियां मिलीं



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि सीएजी को आयुष्मान भारत योजना में काफी गड़बड़ियां मिली हैं। दिल्ली सरकार की योजना के तहत दिल्ली के हर शख्स को मुफ्त इलाज मिलता है। पांच रुपए की गोली हो या करोड़ों का इलाज हो, यह पूरा मुफ्त रहता है। पीएम को दिल्ली की योजना देशभर में लागू करनी चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि अगर पीएम कहेंगे तो इसका लाभ उठाने वाले लाखों लोगों के नाम मैं उनको भेज दूंगा। दरअसल, पीएम मोदी ने मंगलवार को आयुष्मान भारत की योजना का विस्तार देते हुए 70 साल से अधिक उम्र वालों के लिए 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज की सुविधा लॉन्च की थी। इस दौरान पीएम ने कहा था कि उन्हें अफसोस है कि इस योजना में दिल्ली और बंगाल शामिल नहीं है, क्योंकि दोनों राज्यों की सरकारों ने इसे मंजूरी नहीं दी। उधर, भाजपा ने दिल्ली में आयुष्मान लागू नहीं करने के आप सरकार के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल कराई है। इसकी जानकारी दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने बुधवार को दी।

अरविंद केजरीवाल¬ क्या आयुष्मान भारत योजना से लोगों को लाभ हुआ? जिन राज्यों में आयुष्मान योजना लागू है, उन राज्यों में आज तक मैं एक भी व्यक्ति से नहीं मिला जिसका आयुष्मान भारत में इलाज हुआ हो। मेरी पीएम से विनती है कि वे दिल्ली के मॉडल का अध्ययन करें और आयुष्मान भारत योजना की जगह दिल्ली मॉडल को पूरे भारत में लागू करें, जिससे लोगों का जमीन पर फायदा हो।

## महाराष्ट्र में भाजपा के 148, कांग्रेस के 102 प्रत्याशी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन की समयसीमा खत्म होने के साथ ही चुनावी तस्वीर साफ हो गई। शिवसेना और एनसीपी में बगावत के चलते इस बार 6 बड़े दल मैदान में हैं। यही कारण है कि बागी भी ज्यादा हैं। प्रदेश की लगभग हर सीट पर बागी हैं। अब सबकी निगाह नाम वापसी की अंतिम तारीख (4 नवंबर) पर है। उसके बाद पता चलेगा कि लड़ाई कैसी होगी। इस बार 7,995 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। आखिरी दिन 4,996 ने पर्चे भरे। महायुति और एमवीए ने नामांकन खत्म होने के बाद भी सीट बंटवारे का फॉर्मूला नहीं बताया। प्रत्याशी देखें तो महायुति में 148 उम्मीदवारों के साथ भाजपा और एमवीए में 103 के साथ कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है। दोनों पार्टियां 2019 के विधानसभा चुनाव से कम सीटों पर लड़ रही हैं। भाजपा ने पिछली बार 164 तो कांग्रेस ने 147 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। वहीं, शिवसेना-शिंदे ने 80, एनसीपी-अजित ने 53, शिवसेना- उद्धव ने 89, एनसीपी- शरद ने 87 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं। पिछले चुनाव में शिवसेना (अविभाजित) और एनसीपी (अविभाजित) 124-124 सीटों पर लड़ी थीं। इन सबके अलावा इस बार महायुति ने 5 सीटें सहयोगी पार्टियों के लिए छोड़ी हैं। दूसरी तरफ एमवीए के छोटे सहयोगी दल 6 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। महायुति की 2 और एमवीए की 3 सीटों पर अभी भी स्थिति साफ नहीं है। 6 पार्टियां चुनाव मैदान में, लगभग हर सीट पर बागी शिवसेना और एनसीपी में बगावत के चलते इस बार छह बड़े दल मैदान में हैं। इसी वजह से बागी भी ज्यादा हैं। प्रदेश की लगभग हर सीट पर बागी हैं। सबकी निगाह अब नाम वापसी की आखिरी तारीख, 4 नवंबर पर है। उसके बाद ही पता चलेगा कि लड़ाई कैसी होगी।

## जगन की मां बोलीं- बेटी के साथ नाइंसाफी हुई

**अमरावती ( एजेंसी )।** भाई-बहन के बीच कंपनियों के शेयर और बेंगलुरु के पास स्थित येलहंका में 20 एकड़ जमीन को लेकर विवाद है। आंध्र प्रदेश के पूर्व ष्टरू जगन मोहन रेड्डी और उनकी बहन वाईएस शर्मिला के बीच करोड़ों की विरासत को लेकर विवाद चल रहा है। इस बीच उनकी मां विजयम्मा ने अपनी बेटी के समर्थन में एक ओपन लेटर लिखा। जगन की मां लिखती हैं कि उनके लिए सभी बच्चे बराबर हैं, लेकिन बेटी के साथ नाइंसाफी हो रही है। जगन को याद रखना चाहिए कि उन्हें राजनीति में सफल बनाने वाली उनकी बहन शर्मिला ही हैं। दरअसल भाई-बहन के बीच कंपनियों के शेयर और बेंगलुरु के पास स्थित येलहंका में 20 एकड़ जमीन को लेकर खींचतान



जारी है। इनकी कीमत करोड़ों में मानी जाती है। जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वॉयएसआरसीपी ने विजयम्मा के पत्र का जवाब देते हुए कहा कि जगन रेड्डी ने कभी भी संपत्ति वापस नहीं मांगी। वाईएस जगन ने सद्भावना के कारण अपनी संपत्ति अपनी बहन शर्मिला के साथ शेयर की है। वह जगन के किसी भी बिजनेस में डायरेक्टर नहीं हैं। जगन ने शर्मिला के साथ व्यवहार में दयालुता रखी, जैसा कि कोई भी भाई करता है। पिता राजशेखर रेड्डी ने पहले ही शर्मिला और जगन को संपत्ति ट्रांसफर कर दी थी। जगन ने कभी भी उन संपत्तियों को वापस नहीं मांगा। दरअसल जगन रेड्डी और बहन शर्मिला के बीच ताजा विवाद कंपनी के शेयरों के अवैध ट्रांसफर से जुड़ा है।

## महाराष्ट्र में महायुति से नवाब मलिक की उम्मीदवारी पर टकराव



**मुंबई ( एजेंसी )।** भाजपा ने कहा है कि नवाब मलिक के दाऊद इब्राहिम से लिंक होने के कारण उनके लिए कैंपेनिंग नहीं करेंगे। (फाइल) महाराष्ट्र में महायुति से पूर्व मंत्री नवाब मलिक की उम्मीदवारी को लेकर भाजपा और एनसीपी-अजित गुट में टकराव हो गया है। मानखुर्द-शिवाजीनगर सीट से एनसीपी अजित गुट ने नवाब मलिक को उम्मीदवार बनाया है। महायुति की ओर से यह सीट शिवसेना शिंदे गुट को दी गई है और सुरेश पाटिल को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने भी पाटिल का समर्थन करते हुए कहा है कि वे मलिक के लिए कैंपेन नहीं करेंगे। मुंबई भाजपा के अध्यक्ष आशीष शेलार ने बुधवार को कहा- हमारी पार्ट का स्टैंड क्लियर है। हम पहले भी नवाब मलिक की उम्मीदवारी के खिलाफ थे। अब भी उनका समर्थन नहीं करेंगे।

## वफ बिल कमेटी 5 राज्यों का दौरा करेगी, समय पर रिपोर्ट आए इसलिए यह फैसला

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वक्फ बिल पर बनी ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी अगले सप्ताह 5 राज्यों का दौरा करेगी। कमेटी तय समय पर रिपोर्ट पेश कर सके इसलिए यह फैसला लिया गया है। हालांकि, ऐसे कई उदाहरण हैं जब कमेटियों की रिपोर्ट पेश करने की तारीख आगे बढ़ाई गई हो। लेकिन कमेटी अध्यक्ष भाजपा सांसद जगदंबिका पाल तय समय सीमा के भीतर रिपोर्ट पेश करना चाहते हैं।

जेपीसी के सदस्य इन पांच राज्यों की राजधानी में उनके अल्पसंख्यक मामलों के विभाग, कानून विभाग, अल्पसंख्यक आयोग और वक्फ बोर्ड के साथ बातचीत करेगी। वह बार काउंसिल और मुत्तवल्ली संघों सहित अन्य स्टेकहोल्डर्स से भी मुलाकात करेगी। कमेटी 9 नवंबर को असम की राजधानी गुवाहाटी से अपना दौरा शुरू करेगी। इसके बाद 11 नवंबर को भुवनेश्वर (ओडिशा), 12 नवंबर को कोलकाता (पश्चिम बंगाल), 13 नवंबर को पटना (बिहार) और 14 नवंबर को लखनऊ (उत्तर प्रदेश) जाएगी। इससे पहले 4-5 नवंबर को मुस्लिम महिलाओं, शिक्षाविदों, वकीलों और सामाजिक-धार्मिक संगठनों के साथ दिल्ली में भी बैठक होगी। कमेटी को संसद के विंटर सेशन में पहले सप्ताह के आखिरी दिन अपनी रिपोर्ट पेश करनी है। विंटर सेशन अगले महीने 25 नवंबर से शुरू हो रहा है। एक दिन पहले मंगलवार को हुई बैठक में विपक्षी सांसदों और दिल्ली वक्फ बोर्ड के बीच जमकर हंगामा हुआ था। विपक्षी सांसदों ने कहना था कि दिल्ली सरकार की मंजूरी के बिना दिल्ली वक्फ बोर्ड को प्रेजेंटेशन देने की अनुमति देना अवैध है। वक्फ बोर्ड दिल्ली के माइनॉरिटी अफेयर्स मिनिस्ट्री के अधीन है, इसलिए वक्फ बोर्ड की किसी भी रिपोर्ट को सरकार से मंजूरी लेना जरूरी है। इसे वक्फ बोर्ड ने नजरअंदाज कर दिया। जेपीसी ने लोकसभा के महासचिव से बातचीत के बाद दिल्ली सरकार की मंजूरी के बिना ही दिल्ली वक्फ बोर्ड को प्रेजेंटेशन देने की अनुमति दी थी। पिछले हफ्ते 22 अक्टूबर को मीटिंग में कांच की बोतल तोड़ने वाले तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी आरोप लगाया कि बैठक में ने भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय ने उन्हें उकसाया था।

## भारत-चीन बॉर्डर पर सैनिकों के हटने की प्रोसेस पूरी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में चार साल से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद पिछले दिनों एक समझौता हुआ है। भारत-चीन बॉर्डर पर देपसांग और डेमचोक में दोनों सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया बुधवार को पूरी हो गई। गुरुवार को दिवाली पर चीन और भारत के सैनिक एक-दूसरे को मिठाई खिलाएंगे। पेट्रोलिंग को लेकर जल्द ही ग्राउंड कमांडर के अधिकारियों के बीच बातचीत होगी। ग्राउंड कमांडर में ब्रिगेडियर और उससे नीचे के रैंक के अधिकारी होते हैं। भारत-चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 27 अक्टूबर को



कहा था कि सैनिकों की वापसी पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है। ये तनाव तभी कम होगा, जब भारत को यकीन हो जाए कि चीन भी ऐसा ही चाह रहा है। तनाव कम करने के बाद, बॉर्डर को कैसे मैनेज किया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी। भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में चार साल से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद पिछले दिनों एक समझौता हुआ है। दोनों सेनाएं विवादित पॉइंट्स देपसांग और डेमचोक से पीछे हटेंगी।

18 अक्टूबर¬ देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने की जानकारी सामने आई थी। इसमें बताया गया था कि यहां से दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौटेंगी। साथ ही उन्हीं क्षेत्रों में गश्त करेंगी, जहां अप्रैल 2020 से पहले किया करती थीं। इसके अलावा कमांडर लेवल मीटिंग होती रहेगी। 2020 में भारत-चीन के सैनिकों के बीच गलवान झड़प के बाद से देपसांग और डेमचोक में तनाव बना हुआ था। करीब 4 साल बाद 21 अक्टूबर को दोनों देशों के बीच नया पेट्रोलिंग समझौता हुआ। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया था कि इसका मकसद लद्दाख में गलवान जैसी झड़प रोकना और पहले जैसे हालात बनाना है।

# मुंबई टेस्ट के साथ खत्म हो जाएगा टीम इंडिया का ये सुनहरा अध्याय

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट मुंबई में 1 नवंबर से शुरु हो रहा है. टीम इंडिया शुरुआती 2 टेस्ट गंवाकर सीरीज हार चुकी है. तीसरे टेस्ट में भारत की प्रतिष्ठा दाव पर लगी हुई है. टीम इंडिया पर क्लिन स्विप होने का डर है. इससे बचने के लिए टीम मेहनत कर रही है. लेकिन इसी बीच एक ऐसी खबर आई है कि जिससे भारतीय क्रिकेट टीम के फैंस को तगड़ा झटका लग सकता है.

भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज का आखिरी टेस्ट मुंबई में खेला जाना है. ये टेस्ट रोहित शर्मा, विराट कोहली, आर अश्विन और रवींद्र जडेजा का एक साथ भारतीय जमीन पर आखिरी टेस्ट हो सकता है. रोहित 37, विराट 35, अश्विन 38 और जडेजा 35 साल के हो चुके हैं. इस सीरीज के बाद भारत को जुलाई 2025 तक ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में 5-5 टेस्ट खेलने हैं. इसके बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल खेला जाना है जो इंग्लैंड में होगा. इस तरह भारत में अगली टेस्ट सीरीज में अभी लंबा समय है. संभव है कि डब्ल्यूटीसी 2025



फाइनल के बाद रोहित शर्मा और अश्विन टेस्ट से संन्यास ले लें. ऐसे में रोहित, अश्विन, विराट और जडेजा भारत में संभवतः आखिरी बार टेस्ट क्रिकेट एक साथ खेलते दिखेंगे. भारतीय टीम के पूर्व हेड कोच जॉन राइट ने भी ये बात कही है. बता दें कि पिछले एक दशक में ये चार क्रिकेटर टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम के सबसे मजबूत स्तंभ रहे हैं. इनमें किसी के भी हटने से टीम इंडिया निश्चित रुप से कमजोर होगी. भारतीय टीम बेंगलोर और पुणे में खेले गए पहले और दूसरे टेस्ट को हार चुकी है और सीरीज भी गंवा चुकी है. ये पहला मौका है जब टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज गंवाई है. भारत को मुंबई टेस्ट में खुद के सम्मान को बचाने की चुनौती है. अगर टीम इंडिया ये टेस्ट गंवाती है तो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में पहुंचना लगभग नामूमकिन हो जाएगा.

रिपोर्टों के मुताबिक मुंबई टेस्ट की पिच भी पुणे की तरह टर्निंग पिच है. भारतीय टीम का न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सेंटनर ने पुणे में जो हाल किया था उसे देखने के बाद भारत पर मुंबई टेस्ट में भी हार का डर सता रहा है।

## मुंबई इंडियंस ने कर दिया था खेल, जीटी ने ऐसे फेल किया एमआई का प्लान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के लिए मेगा नीलामी होनी है. मेगा नीलामी को लेकर सभी 10 फ्रेंचाइजी और खिलाड़ी काफी उत्साहित हैं. नीलामी में खिलाड़ियों के पास जहां अपनी वैल्यू बढ़ाने का मौका है वहीं सभी टीमों के पास खुद को मजबूत और संतुलित करने का बेहतर अवसर भी है. इसी बीच एक ऐसी खबर आई है जिसने क्रिकेट फैंस खासकर गुजरात के फैंस को हैरान कर दिया है.

रिपोर्टों के मुताबिक मुंबई इंडियंस आईपीएल 2025 से पहले गुजरात के उपकप्तान और स्टार ऑफ स्पिनर राशिद खान को अपने साथ जोड़ना चाहती थी और इसके लिए उन्हें बड़े ऑफर की पेशकश की थी. ये बात जीटी को पता चल गई और टीम ने बिना अवसर गंवाए राशिद को मुंबई से भी बड़ा ऑफर दिया और अपने पास रोक लिया. अब राशिद अगले सीजन भी गुजरात के साथ ही खेलते हुए नजर आएंगे.

बता दें कि मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 में हार्दिक पांड्या को गुजरात टाइटंस से वापस लाई थी. 2022 और 2023 में जीटी के लिए बतौर कप्तान खेलने वाले हार्दिक को मुंबई 2024 में अपने पास ले आई और रोहित शर्मा को हटाकर उन्हें कप्तान बना दिया. इसका कोई खास फायदा टीम को नहीं हुआ. टीम सबसे नीचे रही थी उसकी आलोचना भी हुई थी. इसके बावजूद मुंबई राशिद को अपने पाले में लेने के लिए तिकड़म कर रही थी।

## अल्काराज जैरी पर जीत के साथ पेरिस मास्टर्स के तीसरे दौर में

**पेरिस (एजेंसी)।** कार्लोस अल्काराज़ ने पेरिस मास्टर्स में निकोलस जैरी पर 7-5, 6-1 से जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और तीसरे दौर में प्रवेश किया। एटीपी स्टैट्स के अनुसार, फरवरी में ब्यूनस आयर्स सेमीफाइनल में चिली के खिलाड़ी से हारने वाले अल्काराज़ ने वापसी पर अपनी क्लास का प्रदर्शन करते हुए 80 प्रतिशत (4/5) ब्रेक पॉइंट्स को कन्वर्ट किया। चूंकि स्पैनियार्ड लगातार तीसरे सीजन में पांच या उससे अधिक एटीपी टूर खिताब जीतने की अपनी खोज जारी रखता है, इसलिए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उसका सामना घरेलू उम्मीद उगो हम्बर्ट या क्वालीफायर मार्कोस गिरोन से होगा। अल्काराज़ ने बढ़त लेने में बहुत कम समय बर्बाद किया, दूसरे गेम में जैरी की सर्विस तोड़ने के लिए 0/40 से लगातार पांच पॉइंट्स बनाए। एटीपी टूर की रिपोर्ट के अनुसार, 21 वर्षीय खिलाड़ी 5-4 के स्कोर पर दबाव में आ गए, लेकिन फिर से वापसी करते हुए ओपनर को सील कर दिया। इंफोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार, जैरी ने दूसरे सेट में वापसी करते हुए दबाव बनाया, जिसके दौरान उसने चार ब्रेक के अवसर बनाए। हालांकि, अल्काराज़ ने दृढ़ता दिखाई और एक घंटे, 30 मिनट में जीत हासिल की।

अल्काराज ने जीत के बाद कहा, मुझे लगता है कि मैंने पहले सेट में वास्तव में अच्छा टेनिस खेला, लेकिन अंत में यह जटिल था।

## ऑक्शन में कैसे काम करेगा आरटीएम, 31 अक्टूबर से पहले जानें सभी नियम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से पहले सभी 10 फ्रेंचाइजी को अपने रिटेन और रिलीज प्लेयर्स की लिस्ट सौंपनी होगी। इसकी आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। इस बार नियमों में कुछ बदलाव हुए हैं और टीमों के पास राइट टू मैच का ऑप्शन भी होगा। मगर यहां कुछ फैंस के मन में यह सवाल जरूर होगा कि आखिर यह नियम क्या है और कैसे काम करेगा। सबसे पहला नियम है एक फ्रेंचाइजी अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है, या तो रिटेंशन चरण में या मेगा नीलामी के दौरान राइट-टू-मैच कार्ड के माध्यम से। इनमें से अधिकतम पांच खिलाड़ी कैप्ड हो सकते हैं जबकि अधिकतम दो खिलाड़ी अनकैप्ड हो सकते हैं। राइट टू मैच नियम पहली बार 2017 में लागू किया गया था, लेकिन इसे 2022 के मेगा ऑक्शन में हटा दिया गया था। अब इसे फिर से लागू किया गया है। यह नियम फ्रेंचाइजी को उस खिलाड़ी को वापस खरीदने का मौका देता है, जो पिछले सीजन में उस टीम का हिस्सा था। रिलीज होने के बाद जब कोई खिलाड़ी नीलामी में जाता है तो कई टीमें उस पर बोली लगाती हैं। बोली लगने के बाद रिलीज करने वाली टीम से पूछा जाता है कि क्या वो इस खिलाड़ी के लिए आरटीएम का इस्तेमाल करना चाहती हैं?

## इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में शिमरोन हेटमायर की हुई वापसी




**सेंट जॉन्स (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ आगामी घरेलू वनडे मैचों के लिए वेस्टइंडीज ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। तीन मैचों की वनडे सीरीज 31 अक्टूबर और 2 नवंबर को एंटीगा के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में दो वनडे मैचों के साथ शुरू होगी। अंतिम मैच 6 नवंबर को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा। एलिक अथानाजे की जगह हेटमायर को टीम में शामिल करना एकमात्र बदलाव है। इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका दौरे पर गई टीम में यह एकमात्र बदलाव है। हेटमायर ने पिछले साल के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने के बाद से वेस्टइंडीज के लिए कोई वनडे मैच नहीं खेला है।

इस श्रृंखला में टीम की कमान शाई होप संभालेंगे, जबकि युवा खिलाड़ी ज्वेल एंड्रयू को अपना हुनर प्रभावित करने का एक और मौका मिलेगा, जिन्होंने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू किया है।

हेड कोच डैरन सैमी ने इंग्लैंड के खिलाफ मैदान पर वापसी को लेकर अपनी उत्सुकता व्यक्त की।

उन्होंने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ खेलना हमेशा एक नई चुनौती होती है। यह खेल भावना और एक रोमांचक मुकाबले का लुत्फ उठाने का मौका होता है जिसका खिलाड़ी और कैरेबियाई लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। हम इंग्लैंड का सामना करते समय अपने खेल को बेहतर बनाने का कोई न कोई तरीका ढूंढ़ ही लेते हैं।

सैमी ने कहा, यह प्रतिद्वंद्विता दशकों पुरानी है, और पिछले साल घर पर उन्हें वनडे सीरीज में लंबे समय के बाद पहली बार हराने के बाद, हम फिर से एक मजबूत इंग्लैंड टीम की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। घर पर खेलना हमेशा खास होता है, जहां स्थानीय समर्थन हर मैच में ऊर्जा और जुनून लाता है। हमारा लक्ष्य 2027 में आईसीसी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना है, इसलिए हमने एक संतुलित टीम का चयन किया है, जो निस्संदेह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी।

वेस्टइंडीज की टीम = शाई होप (कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, कीसी कार्टी, रोस्टन चेस, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड और हेडन वॉल्श जूनियर।

वनडे सीरीज के मुकाबले क्रमशः 31 अक्टूबर, 2 नवंबर और 6 नवंबर को खेले जाएंगे।

सीरीज के शुरुआती 2 मैच सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में और तीसरा वनडे केंसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा।

## अगर केकेआर ने किया रिलीज, तो मेगा ऑक्शन में कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ सकता है रसेल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 के रिटेंशन लिस्ट की तारीख करीब आ गई है. 31 अक्टूबर को सभी 10 टीमों को अपनी रिटेंशन लिस्ट बीसीसीआई को सौंप देनी है. अब तक कई ऐसी रिपोर्ट्स आई हैं जिसमें सभी 10 टीमों द्वारा किन खिलाड़ियों को रिटेन या रिलीज किया जा रहा है उस पर से पर्दा हटा है. केकेआर से भी एक अहम खबर आई है. टीम अपने एक पुराने दिग्गज खिलाड़ी को रिलीज करने का मन बना चुकी है. अगर ऐसा होता है और वह नीलामी में जाता है तो वो कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ सकता है.

रिपोर्टों के मुताबिक केकेआर की रिटेंशन लिस्ट दिग्गज आलराउंडर आंद्रे रसेल बाहर हो सकते हैं. तमाम ऐसी रिपोर्ट आई है जिसमें ये बताया गया है कि कोलकाता की रिटेंशन लिस्ट से रसेल का नाम कट सकता है. अगर ऐसा होता है तो फिर रसेल को मेगा ऑक्शन में जाना होगा.

रसेल एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके पास टी 20 क्रिकेट का लंबा अनुभव है. वे आईपीएल के अलावा दुनिया की तमाम बड़ी लीग में खेलते हैं औरगेंद और बल्ले से कहर से अपनी टीम को मैच जीताते रहे हैं. अगर केकेआर आंद्रे रसेल को रिलीज कर देती है तो निश्चित रुप से वे मेगा नीलामी में जाएंगे. रसेल नीलामी में कमाई का नया रिकॉर्ड बना सकते हैं. वे 2024 में मिचेल स्टॉर्क की रिकॉर्ड कमाई 24.75 को पीछे छोड़ सकते है. उनके लिए सीएसके, एमआई और आरसीबी जैसी टीमें बड़ी बोली लगा सकती हैं.

आंद्रे रसेल का आईपीएल करियर शानदार रहा है. वे लीग के सबसे विस्फोटक और खतरनाक बल्लेबाजों में से एक रहे हैं. पिछली सीजन केकेआर को चैंपियन बनाने में भी उनकी बड़ी भूमिका रही थी. 2014 से केकेआर से जुड़े 36 साल के रसेल 2012-2013 में दिल्ली स्कवॉड का भी हिस्सा रह चुके हैं।

## टी20 विश्व कप में भारत से हारने के बाद संन्यास लेने का विचार आया-मैथ्यू वेड

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने खुलासा किया है कि इस साल की शुरुआत में टी20 विश्व कप में उनकी टीम की भारत से हार के बाद पहली बार उनके मन में संन्यास लेने का विचार आया था। भारत ने सेंट लूसिया में खेले गए सुपर आठ के इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा की 41 गेंद पर 92 रन की पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराया था। भारत ने इस मैच में जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई और आखिर में वह चैंपियन बनने में सफल रहा। हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वेड ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, ''भारत से हार के बाद शायद यह (संन्यास के बारे में विचार) मेरे मन में बैठ गया। तब मैंने सोचा कि यह मेरे क्रिकेट करियर का अंत है। वह वास्तव में भावनात्मक क्षण था।''


टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आमतौर पर निचले क्रम में बल्लेबाजी करने वाले वेड ने कहा कि विकेटकीपर के रूप में जोश इंगलिस के टीम में आने से वह अपने इस फैसले के प्रति अधिक दृढ़ हो गए थे। उन्होंने कहा,''यह जोश इंग्लिश के लिए टीम में जगह बनाने का सही मौका था।




हम सभी जानते हैं कि पिछले कुछ महीनो में उसने कितना अच्छा प्रदर्शन किया है। वह निश्चित तौर पर टीम में जगह बनाने के लिए तैयार था। वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी कर सकता है और टीम को उसी की तरह के खिलाड़ी की जरूरत थी।

## विराट कोहली को फिर मिलेगी आरसीबी की कमान! सामने आया ये बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बल्लेबाज़ी के सुपरस्टार विराट कोहली ने कथित तौर पर अपनी आईपीएल फ़्रैंचाइज़ी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ अगले सीज़न के लिए फिर से कप्तान नियुक्त किए जाने के लिए बातचीत की है। कोहली ने आईपीएल 2022 से पहले इस भूमिका से इस्तीफा दे दिया और उनकी जगह दक्षिण अफ्रीकी फाफ़ डु प्लेसिस को कप्तान बनाया गया। 2008 में आईपीएल की शुरुआत के बाद से, आरसीबी ने तीन मौकों पर फ़ाइनल में जगह बनाई है, लेकिन हर बार उपविजेता रही। कोहली ने 2013 से 2021 तक आरसीबी का नेतृत्व किया और फिर कप्तानी छोड़ दी। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ऐसा लगता है कि विराट कोहली के रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान के रूप में वापसी करने का मंच तैयार है। हालाँकि यह खबर शुरू में सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिए फैलाई गई थी,




लेकिन टाइम्स ऑफ़ इंडिया की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कोहली वास्तव में उस एकमात्र फ़्रैंचाइज़ी की कमान संभालेंगे जिसका उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में प्रतिनिधित्व किया है। उक्त मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कोहली, जो नेतृत्व की भूमिका में नए नहीं हैं और पहले आरसीबी के साथ-साथ टीम इंडिया के कप्तान के रूप में लंबे समय तक काम कर चुके हैं, पहले ही प्रबंधन के साथ चर्चा कर चुके हैं और टीम के लिए फिर से कदम बढ़ाना चाहते हैं, जहां नेतृत्व की कमी का मामला हो सकता है। हालांकि पिछले कुछ सत्रों में फाफ डु प्लेसिस ने टीम का नेतृत्व किया है, जब से कोहली ने फैसला किया है कि वह अब टीम का नेतृत्व नहीं करेंगे, लेकिन अब उम्र 40 वर्षीय खिलाड़ी के पक्ष में नहीं है, यही कारण है कि ऐसा माना जा रहा है कि थिंक टैंक ने एक बार फिर कोहली की ओर रुख किया है।

